स्पीड न्यूज

# टाटा स्टील का एपेक्स टीक्यूएम अवॉर्ड्स नाइट 2023 संपन्न

## एस्पायर और शिखर 25 के टॉप 75 प्रोजेक्ट और 3 टॉप इम्पैक्ट सेंटर सम्मानित

2022 में शुरू की गई सभी गुणवत्ता पहलों की थीम 'टुवड्र्स गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस' को 2023 में शॉप फ्लोर के साथ फिर से संपर्क स्थापित करने और कार्यस्थल पर सुरक्षा, गुणवत्ता और जीवंतता में सुधार की दिशा में काम करने के उद्देश्य से कायम रखा गया था

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सर्वोत्तम सुधार परियोजनाओं और सर्वश्रेष्ठ डिवीजनों को सम्मानित करने के लिए गत शुक्रवार को कीनन स्टेडियम में एपेक्स टीक्यूएम अवाड्र्स नाइट 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीवी नरेंद्रन, सीईओ और प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील और अवनीश गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, टीक्यूएम और इंजीनियरिंग एंड प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील ने पुरस्कार प्रदान किया। 2022 में शुरू की गई सभी गुणवत्ता पहलों की थीम 'टुवड्र्स गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस' को 2023 में शॉप फ्लोर के साथ फिर से संपर्क स्थापित करने और कार्यस्थल पर सुरक्षा, गुणवत्ता और जीवंतता में सुधार की दिशा में काम करने के उद्देश्य से कायम रखा गया था। शाम के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, टीवी नरेंद्रन, सीईओ और प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील ने सभी विजेताओं और उनके परिवार के सदस्यों को बधाई दी और गेम्बा फोकस्ड एक्सीलेंस की ओर बढ़ने के लिए निरंतर सुधार की यात्रा में सक्रिय रूप से दूसरों को सुनने की आवश्यकता को दोहराया। अवनीश गुप्ता, वाईस प्रेसिडेंट, टीक्यूएम और इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट्स, टाटा स्टील ने भी सभी विजेताओं को बधाई दी और परियोजनाओं के पैमाने और गुणवत्ता के साथ-साथ विभिन्न टीमों में प्रतिभागियों की विविधता की सराहना की और निरंतर सुधार की यात्रा पर चर्चा की। तृप्ति श्रीवास्तव, चीफ टीक्यूएम एंड सीक्यूए, टाटा स्टील ने स्वागत भाषण दिया और पिछले वित्तीय वर्ष की कुछ प्रमुख झलकियां और प्रमुख उपलब्धियां दर्शकों के साथ साझा किए।



अवार्ड नाइट सेरेमनी को संबोधित करते कंपनी के सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन।



एक टीम को अवार्ड देते वाइस प्रेसिडेंट अवनीश गुप्ता।

### स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य उद्घाटन



जमशेदपुर। कदमा स्थित गणेश पूजा मैदान में स्वदेशी खादी महोत्सव द्वारा आयोजित खादी एवं ऊनी वस्त्रों का प्रदर्शनी एवं बिक्री का उद्घाटन पूर्वी जमशेदपुर के विधायक सह झारखण्ड के पूर्व मंत्री सरयु राय के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर आये सरयु राय ने कहा कि इस तरह का प्रदर्शनी सह सेल का आयोजन समय-समय पर किया जाना चाहिए इससे खादी ग्रामोधोग के अनुभवी एवं विशिष्ट कारिगरों को एक प्लेटफॉर्म मिल जाता है जहां उनके द्वारा बनाये गये उत्पादों को लोग खरीदकर उन्हें रोजगार का भी अवसर प्रदान करते हैं। प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से लाखो करोड़ो परिवार को जीविका का एक माध्यम प्राप्त होता है। उक्त अवसर पर फेयर के आयोजक अनुराग मिश्रा ने कहा कि हमारे इस फेयर में बिहार के भागलपुरी सिल्क, सूट, साड़ी, जम्मू काश्मीर के काश्मीरी सिल्क साड़ी, सूट, आसाम के आसाम सिल्क साड़ी, सूट, उत्तर प्रदेश के बनारसी सिल्क साड़ी, सूट, आंध्रप्रदेश के पोचमपल्ली पटोला साड़ी, सूट, उत्तर प्रदेश के लखनवी चिकन वर्क सूट, टॉप, मध्य प्रदेश के चंदेरी सूट, छत्तीसगढ़ के कोसा सिल्क मटेरियल साड़ी, गुजरात के हैण्डीक्राफ्ट बैग, पश्चिम बंगाल के जूट बैग, जीन्स बैग, दिल्ली के लेदर बैग, राजस्थान के टॉप, सूट, साड़ी, मोजरी, केरला के साड़ी, सूट, पंजाब के फुलकारी वर्क एवं जयपुर के ज्वेलरी उपलब्ध हैं। इसमे 105 से अधिक स्टॉल लगाए गये है । उक्त उत्पादों की गुणवत्ता काफी बेहतर एवं कीमत काफी कम हैं। यह प्रदर्शनी सह सेल सुबह 10:00 बजे से लेकर रात्रि 10:00 बजे तक चलेगी।

### चांडिल : श्री श्याम जन्मोत्सव सम्पन्न होने पर सभी को जताया आभार

**चांडिल।** श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वाधान मे आयोजित तीन दिवसीय 27 वां श्री श्याम जन्म महोत्सव एतिहासिक एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने जन्म महोत्सव कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर सभी चांडिल वासियों, कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों, पुलिस प्रशासन, कला भवन के सदस्यों सहित सभी दानदाताओं का धन्यवाद एवं आभार जताया है। उन्होंने कहा सभी सदस्यों के कड़ी मेहनत से यह कार्यक्रम सफल रहा। उन्होंने कहा इस वर्ष कार्यक्रम में मायापुर का इस्कॉन मंदिर का प्रतिरूप मे सजा बाबा श्याम का नयनाभिराम दरबार मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

### हजरत मस्तान शाह की दरगाह पर चादरपोशी



जमशेदपुर। अंजुमन शौदए मस्तान शाह बाबा के तत्वाधान मे कपाली इस्लामनगर मे बाबा के दरगाह पर चल रहे 24 वां वार्षिक उर्स के दूसरे दिन दरबारी चादरपोशी शान व शौकत के साथ पेश की गई। साथ ही अकीदत के साथ गुलपोशी भी की गई । बाद नमाज अशा मिलादुन नबी स समारोह का आयोजन किया गया जिस का आगाज कुरान के पाठ से हुआ।

### भालूबासा शीतला माता मंदिर रोड की मरम्मती का काम पूर्ण

**जमशेदपुर।** भालूबासा शीतला माता मंदिर रोड के मरम्मत्ती का कार्य पूर्ण हो गया है। सीताराम मंडल भाजपा की ओर से इसके लिए जुस्को को ज्ञापन सौपा गया था। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के विधायक प्रतिनिधि रहे पवन अग्रवाल की पहल पर मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में जुस्को को ज्ञापन सौंप कर रोड के मरम्तीकरण का दबाव बनाया गया था। शीतला माता मंदिर रोड भालूबासा और मानगो को जोड़ता है। जुस्को द्वारा सीवरेज लाइन बिछाने के क्रम में सड़क पर गड्ढे खोदे गए थे जिससे सड़क खराब हो गई थी। इससे पटेल नगर, भुयाडीह, कल्याण नगर, कान्हू भट्ठा, आदर्श नगर, इंद्रा नगर बस्ती के लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। सड़क खराब होने से ठेले पर गोलगप्पा, चाय, अंडा बेचने वालों इस मार्ग का उपयोग करने वाले लोगो को ढेला पलट जाया करता था। उनका कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित होता था। पवन अग्रवाल ने जुस्को प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

### जुस्को स्कूल कदमा में बाल मेला आयोजित

जमशेदपुर। जुस्को स्कूल कदमा में आज बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के गेम एवं खाने पीने के स्टॉल की व्यवस्था की गई थी। बाल मेला में बच्चों ने खूब मौज- मस्ती की और विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया। बच्चों ने सेल्फी कार्नर में जाकर अपनी यादों की तस्वीरों को उतारा। शिक्षिकाओं की ओर से लगाए गए विभिन्न गेम स्टॉल में बच्चों ने गेम खेल कर पुरस्कार जीता। कार्यक्रम का आकर्षण लकी ड्रॉ रहा जिसमें लकी कूपन के जरिए हर आदि आधे घंटे पर बच्चों ने पुरस्कार जीता।

# सात जनवरी को डहरे टुसु की निकलेगी शोभा यात्रा

शोभा यात्रा डिमना से आमबागान तक आयेगी, मिलेगी आदिवासी संस्कृति की झलक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** रविवार को संविधान दिवस के अवसर पर बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच ने 7 जनवरी 2024 को डिमना से साकची तक आयोजित 'डहरे टुसु' कार्यक्रम के लिए डिमना डैम हेलीपेड ग्राउंड में बैठक किया गया। बैठक में कोल्हान क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। मंच के सदस्यों ने कहा कि बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच के माध्यम से झारखंडी संस्कृति को शहरों में स्थापित करने के हर साल जनवरी के पहले रविवार को डहरे टुसु कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है। हर साल के तहत ईस साल भी जनवरी महीने के पहले रविवार यानि 7 जनवरी को डहरे टुसु परब डिमना से साकची आमबागान तक करने का निर्णय लिया गया है। जिस तरह पिछले साल लाखों का भीड़ हुआ था और जिला प्रशासन का बहुत ज्यादा सहयोग न होने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था में काफी दिक्कत हुआ था। ट्रैफिक व्यवस्था में जिला प्रशासन के सहयोग के लिए सुधारने के लिए मंच अपने तरफ से 5000 महिला-पुरुषों का ड्रेस कोड के साथ वॉलिंटियर तैयार करने का निर्णय लिया है। मंच ने कहा कि कल से चुआड़ विद्रोह के नायकों में से एक शहीद रघुनाथ महतो के गाँव घुटियाडीह से कार्यक्रम का तैयारी बैठक प्रारम्भ हो जाएगा। इसके बाद हर गाँव क्षेत्र में प्रचार किया जाएगा। शहर में झारखंडी संस्कृति को स्थापित करने के लिए डहरे टुसु का आयोजन किया जाता है। इसलिए हमलोगों को अपने समाज में घुसे आपसंस्कृति से छुटकारा के लिए प्रयास करना होगा। इसलिए टुसु में मूर्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। मंच ने कहा कि कोल्हान क्षेत्र के तमाम साथियों से आग्रह रहेगा कि डहरे टुसु कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोग भाग ले। बैठक में मुख्य रूप से माधब चंद्र महतो, फनी महतो, देवाशीष महतो, खगेन महतो, चन्दन महतो, बिश्वनाथ महतो, हरमोहन महतो, शैलेन्द्र महतो, दीपक रंजीत, कृष्णा प्रसाद महतो, मंटू महतो, बबलू महतो, विष्णु महतो, राजकिशोर महतो, जगदीश महतो, प्रहलाद महतो, अंकुर कुड़मी, वीरसिंह महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## बीएसीइटी : स्पंदन के द्वितीय चरण में फ्रेम बाय फ्रेम का आयोजन



**जमशेदपुर।** घुटिया स्थित बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी के वार्षिकोत्सव स्पंदन का द्वितीय चरण फ्रेम बाय फ्रेम ( इग्नाइट इमेजिनेशन ) का अयोजन किया गया। इसमें स्नैप टू विन(फोटोग्राफी), रील इट फील इट(रिल्स मेकिंग), मूवी मेनिया (विडीओग्राफी) आदि प्रतियोगिताओं का अयोजन हुआ। जिसमे रील : इट फील इट लाइफ ऐट बीएसीइटी पर केन्द्रित था। मूवी मेनिया हयुमनिटी 52 टेक्नोलॉजी पर केन्द्रित था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज के चेयरमैन शिव कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस उत्सव को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता, निलय मंडल, तपन कुंभकार, रोहित कुमार तथा सभी प्रोफेसरों ने योगदान दिया।

## टाटा स्टील ने जोड़ा माइंस एरिया में आयोजित किया जोड़ा रन-ए-थन






एक विकलांग धाविका के जुनून को देख पुरस्कृत करती अतिथि।

## कराटे आत्मरक्षा का सबसे बेहतरीन माध्यम : विकास सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** दो दिवसीय राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का शुभारंभ मानगो डिमना रोड़ स्थित के के ऑरचिड अकैडमी, मून सिटी, जमशेदपुर में हुआ। कराटे चैंपियनशिप का उद्घाटन के के बिल्डर के विकास सिंह, संस्था के ऑगेर्नाइजिंग चेयरमैन सह भाजपा नेता विकास सिंह, संस्था के ऑगेर्नाइजिंग डायरेक्टर राजीव सिंह एवं समाजसेवी अनिल चौबे के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन झारखंड सौरि-रिव्यू-मात्सस्याशीडु-एसोशियेसन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट का आयोजन संस्था के संचालक जितेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा किया गया हैं। टूर्नामेंट में लगभग 150 कराटेकार भाग ले रहे हैं, जिसमें उड़ीसा, बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड आदि के टीमे शामिल हैं। संस्था के द्वारा यह आयोजन चौथी बार किया जा रहा है। संस्था के चेयरमैन विकास सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कराटे आत्मरक्षा के लिए बनाया खेल हैं यह उस समय से प्रचलित है जिस समय लोगों को लाठी डंडा या कोई हरवे हथियार का ज्ञान नहीं था तब लोग अपने हाथ और पैर से कराटे के माध्यम से अपनी रक्षा करते थे। लेकिन इसके बावजूद भी अन्य खेलों के तुलना में कराटे को किसी भी सरकार के द्वारा प्रोत्साहन नहीं मिलने से धीरे-धीरे लोगों का रुझान इस और कम हो रहा है। टूर्नामेंट का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण दिनांक 27 नवंबर को शाम 5.30 बजे से होगा। जमशेदपुर के लोयला विद्यालय के खेल के प्रमुख शिक्षक सह इस आयोजन के मुख्य कर्ताधर्ता जितेंद्र कुमार शर्मा कराटे के ब्लैक बेल्ट धारी होने के साथ-साथ कई देशों में अपना प्रदर्शन कर कई खिताब जीतने का काम किया है।

## भालूबासा हरिजन स्कूल मैदान में रंगारंग जलवा नाइट-2023 का आयोजन आज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव के शुभ अवसर पर 35 वां संबलपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम जलवा नाइट 2023 का आयोजन जमशेदपुर के भालूबासा के हरिजन विधालय मैदान में आगामी 27 नवंबर 2023 की संध्या 07.00 बजे से होने जा रहा है। इस आयोजन के संदर्भ में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जलवा नाइट के मुख्य संरक्षक बादल मुखी एवं प्रेस प्रवक्ता शम्भू मुखी डुंगरी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी लोगों के विशेष मांग पर कोरोना महामारी के दो वर्षों के बंद्दी के उपरांत इस वर्ष पुनः संबलपुरी सांस्कृतिक जलवा नाइट 2023 का धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस महोत्सव में जमशेदपुर के अलावा पश्चिम बंगाल, ओडिशा झारखंड के अन्य हिस्सों मुसाबनी , घाटशिला , चक्रधरपुर हजारीबाग , रांची के कलाकारों के द्वारा मनमोहक रंगारंग नृत्य संगीत और माडलिंग के कार्यक्रम प्रस्तुति सुनिश्चित है इस दौरान कई प्रतियोगिता भी आयोजित किया जाएगा सफल प्रतिभागियों को आयोजन समिति के द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार, पदक, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## भाजपा और सैल्यूट तिरंगा ने कदमा ग्रीन पार्क में लगाया हेल्थ कैंप



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ और सैल्यूट तिरंगा के संयुक्त तत्वावधान में कदमा ग्रीन पार्क दुर्गा पूजा मैदान में फोर्टिस हॉस्पिटल के टीम के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह द्वारा किया गया। उद्घाटन के बाद इस शिविर में आए हुए सभी डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में महिला डॉक्टर गाइनक, जनरल फिजिशियन, शिशु रोग विशेषज्ञ, नेत्र विशेषज्ञ, दांत चिकित्सक, फेफड़े के चिकित्सक मौजूद रहे। इस शिविर में 639 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाया। इस शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ साथ शिविर में आए हुए लोगों का मुफ्त में ब्लड प्रेशर, शुगर और नेत्र जांच भी किया गया। इस मौके पर इस शिविर के आयोजक नीरज सिंह ने कहा कि अक्सर क्षेत्र के लोगों के तरफ से स्वास्थ्य संबंधित समस्या आती रहती है। कई ऐसे लोग हैं जो की अस्पताल जाने भी सक्षम नहीं है अनलोगों के समस्या को ध्यान रखते हुए इस नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन आज किया गया है। झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था खुद बीमार है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा, भाजपा कदमा युवा मोर्चा अध्यक्ष द्विपाल बिस्वास, मनोज सिंह, मनीष पाण्डेय, दीपक गांगुली, अभिषेक शर्मा, अभिषेक सिंह, कार्तिक, समेत पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आंदोलन के जरिये राज्य को नई दिशा देने के लिए आजसू का हुआ है गठन : सहिस

खबर मन्त्र ब्यूरो



आजसू में शामिल हुए कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, कन्हैया सिंह, श्री मौर्य एवं अन्य।

**जमशेदपुर।** रविवार को आजसू पार्टी द्वारा परसुडीह स्थित हल्दुबनी मैदान में एक मिलन समारोह रखा गया जिसमे झामुमो, कांग्रेस और भाजपा के कई नेता अपने सैकड़ों समर्थको संग आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मुख्यरूप से झामुमो के शंकर प्रजापति अपने सैकड़ों समर्थको संग आजसू पार्टी की सदस्यता लिए, वही भाजपा नेत्री बबिता सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिला और युवा साथी पार्टी की सदस्यता लिए, तो कांग्रेस पार्टी से दीपक प्रजापति और धीरज शर्मा के के नेतृत्व में आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी को आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने पार्टी की नीति सिद्धांत की शपथ दिलाते हुए पार्टी में विधिवत रूप से शामिल कराया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य में जमीन माफिया, शराब माफिया, शिक्षा माफिया, स्वास्थ्य माफिया, के साथ साथ रोजगार माफिया हावी है और जनता के साथ धोखा देने वाले लोग जनमत का अपमान करत रहे हैं। इसलिए आपको बता दू की आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है और आंदोलन को और राज्य को नई दिशा देने के लिए आजसू का निर्माण हुआ है जो निरंतर जारी रहे, इसका ख्याल रखे कार्यकर्ता। संबोधन में प्रो मौर्या ने कहा कि राज्य को लूटने और बेचने वाले आज राज्य की वर्तमान हालात पर चर्चा करते है और खासकर जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी जो स्वयं को चप्पल वाला विधायक और राज्य के गरीब विधायक बताने वाले ई भी बताए की आप कैसे शहर के सबसे रहीस इलाके में रहते हैं। उन्हें बताना चाहिए कि टाटा स्टील कंपनी के किस समझौता के तहत दो क्वाटर को अपने नाम आवंटित कराया है। आजसू जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी ने अपनी टोकरी से एक सड़े हुए टमाटर माणिक मलिक को निकाल फेंके थे आज उसी सड़े टमाटर को अपने टोकरी में डाल झामुमो ने अपना टोकरी को सड़ाने का काम किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक अग्रवाल, बुल्लू रानी सिंह सरदार, संजय मलाकार, संजय सिंह, संतोष सिंह, धर्मवीर सिंह, अप्पू तिवारी, हेमंत पाठक, आदित्य महतो, प्रकाश विश्वकर्मा, अशोक मंडल, मंगल टुडू, बबलू करुआ, वीरेन स्वर्णकार, अशोक महतो, सचिन प्रसाद, सोमू भौमिक,शंभू श्रवण, ललन झा, सोनू सिंह, निरंजन महतो, चंद्रेश्वर पांडेय, राहुल प्रसाद, प्रवीन प्रसाद, तनवीर आलम, रौशन सिंह बटलर, कार्तिक सहिस, सौरभ राहुल,समेत अन्य मौजूद रहे।

## खबर एक नजर में

### जमशेदपुर के कलाकारों को भी लघु फिल्मों में मिल रहा है मौका : तथागत भट्टाचार्जी



जमशेदपुर। बिष्टुपुर स्थित सेंटर फॉर एक्सीलेंस में दो दिवसीय शॉट फिल्म फेस्टीवल 2023 का आयोजन टेक 5 कम्यूनिकेशन कोलकाता के नेतृत्व में रविवार को संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय फिल्म फेस्टीवल में पहले दिन शनिवार को 7 और अंतिम दिन रविवार को 6 कुल 13 फिल्में 8 हिंदी, 2 अंग्रेजी, 2 बंगाला एवं 1 आसामी फिल्म दिखायी गयी। जिसमें 6 से लेकर 29 मिनट तक की फिल्में शामिल थी। दो दिनों तक दिखायी गयी 13 फिल्मों में से कई ऐसी फिल्में थी, जिसे इंटरनेशनल एवं नेशनल अवार्ड मिल चुका है और मौजूद दर्शकों ने भी उसे खुब सराहा। रविवार को फर्क (हिन्दी), तलाशी - द सर्च (हिन्दी), नक्शा (हिन्दी), सुवर्णरेखा के तट पर (हिन्दी), हाथी खेड़ा का पवित्र उपवन (हिन्दी), नो पार्किंग (असमिया) फिल्में दिखायी गयी। रविवार को टेक 5 कम्यूनिकेशन के प्रमुख एवं फिल्म डायरेक्टर तथागत भट्टाचार्जी ने बताया कि इस शार्ट फिल्म का आयोजन सेंटर फॉर एक्सीलेंस जमशेदपुर तथा टेक 5 कम्यूनिकेशन कोलकाता के द्वारा संयुक्त रूप से करते हुए 16 साल बीत गये। उन्होंने कहा कि यह कोई कम्पीटिशन नहीं फेस्टीवल है और इस तरह के फेस्टीवल में नये फिल्म डायरेक्टरों को पुराने प्रोफेशनल डायरेक्टरों से बहुत कुछ सिखने का मौका मिलता हैं। उन्होंने कहा कि आज फिल्म मेकिंग में कैरियर की संभावनाएं बहुत बढ़ गयी हैं। जमशेदपुर समेत झारखंड के कलाकारों को भी लघु फिल्मों में मौका मिल रहा है। फिल्म निर्माण का स्तर हर वर्ष बढ़ते जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस चर्ष दो दिवसीय शॉट फिल्म फेस्टीवल में 13 में से 05 फिल्म जमशेदपुर में बनी हैं। जिसके डायरेक्टर और कलाकार भी लौहनगरी के ही हैं। लघु फिल्मों में काम करने वाले जमशेदपुर के कई कलाकार आज बड़े फिल्मों एवं टीवी सीरियलों में प्रोफेशनल मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई के फिल्म उद्योग में काम कर रहे हैं और कई अन्य पेशेवर जमशेदपुर और झारखंड के अन्य भागों में काम कर रहे हैं। मालूम हो कि टाटा स्टील द्वारा समर्थित यह फिल्म फेस्टिवल सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ प्रोफेशनल एक्सीलेंस जमशेदपुर और टेक 5 कम्युनिकेशंस, कोलकाता का एक सहयोग है।

### जैम@ स्ट्रीट में पहुंची संविधान यात्रा, स्ववागत



जैम स्ट्रीट में पहुंची संविधान यात्रा का स्वागत करते सीनियर एसपी किशोर कौशल, टाटा स्टील यूआइएसएल के जीएम कैप्टन धनंजय मिश्रा व अन्य। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने भारत के संविधान का पालन करने का संकल्प लिया।

### कल्याणी शरण के घर पहुंचे मुंडा दंपत्ति, सांत्वना दी



झारखंड महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण के पति उपेंद्र शरण का बीते दिनों निधन हो गया था। आज केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा और उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा कल्याण शरण के घर पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले लोक समपर्ण के अध्यक्ष ललित दास



सामाजिक संस्था लोक समर्पण के अध्यक्ष ललित दास ने भुवनेश्वर राजभवन में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान ओडिशा राज्य के राज्यपाल रघुवर दास भी मौजूद रहे। मुलाकात के क्रम में ललित दास ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### टाटा मोटर्स ने गुणवत्ता जागरुकता के लिए किया वॉक-ए-थॉन का आयोजन



जमशेदपुर। जमशेदपुर टाटा मोटर्स क्वालिटी विभाग के सौजन्य से विभाग के महा प्रबंधक क्वालिटी एश्योरेंस प्रमोद भूरे के कुशल नेतृत्व में गुणवत्ता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 26 नवंबर 2023 दिन रविवार को प्रातः 6:00 बजे से टेल्को स्थित सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम से 3 किलोमीटर के वॉक ए-थॉन का आयोजन किया गया । मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्लांट हेड टाटा मोटर्स जमशेदपुर रविंद्र कुलकर्णी, विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह 'तोते', महामंत्री आर के सिंह , हेड एडमिनिस्ट्रेशन एंड सिक्योरिटी टाटा मोटर्स वी एन सिंह, प्रदोष महंती की मौजूदगी में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। महाप्रबंधक क्वालिटी एश्योरेंस (विभाग) टाटा मोटर्स प्रमोद भूरे ने अतिथियों का स्वागत संबोधन से अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि रविंद्र कुलकर्णी ने वॉक- ए- थान को झंडी दिखाकर विधिवत प्रारंभ किया। इस आयोजन में कुल 750 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में हुआ। जहां मुख्य अतिथि रवींद्र कुलकर्णी ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दौर प्रतिस्पर्धा का है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह व महामंत्री आर के सिंह ने भी सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दिया। धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधक क्वालिटी एश्योरेंस नितेश कुमार ने दिया।

### आदिवासी स्वशासन व्यवस्था द्वारा संविधान दिवस मनाया गया



जमशेदपुर। संविधान दिवस के अवसर पर ग्रामीण एवं लोगों के बीच संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आदिवासी स्वशासन के अगुवाओ व ग्रामीणों द्वारा मूलवासी संघ के सहयोग से परसुडीह हलुदबनी सिद्धू-कान्हू चौक लोहिया भवन परिसर में संविधान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पण कर संविधान से संबंधित तक्तियों एवं राष्ट्रीय ध्वज एवं बजे-गाजे के साथ तकरीबन सैकड़ो की संख्या में सिद्धू कान्हू चौक से त्रिवेणी चौक, परसुडीह बाजार मेन रोड, टेम्पो स्टैण्ड आदि जगहों से होते हुए पुनः लोहिया भवन हलुदबनी क्षेत्र तक जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर मुख्य वक्ता मूलवासी संघ के मिथिलेश रजक द्वारा संविधान विषय पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि संविधान पढ़ने पर लोगों को अपने हक व अधिकार की पूर्ण जानकारियां मिलती है। संविधान में वह सारे अधिकार प्रदत्त हैं। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक संविधान गीत से प्रारंभ हुआ शपथ ग्रहण श्री हरिनाथ कुमार द्वारा कराया गया। संविधान की प्रस्तावना मुखिया सुश्री सुमन सिरका द्वारा पढ़ा गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंडा नेपा गागराई द्वारा, स्वागत एवं संचालन मुंडा रामचंद्र तियू द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन निमाई हेंब्रम द्वारा किया गया ।

## स्पीड न्यूज

### पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि ने चतरा लोकसभा क्षेत्र का किया दौरा



**मनातू पलामू।** पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि चतरा लोकसभा क्षेत्र के मनिका, पांकी, तरहसी, नौडीहा, चक, मनातू प्रखंड का दौरा किया। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से मिलकर चतरा लोकसभा की जन समस्याओं को जाना। साथ ही उनके समस्या समाधान कराने का आश्वासन दिया। वही मनातू प्रखंड में पूर्व केंद्रीय मंत्री को ताराचंद यादव, अनिश बाबू, तबरेज अंसारी, रामवृक्ष यादव, बालेश्वर यादव, राघव यादव, राजनाथ यादव, अर्जुन भुईयां, श्यामलाल भुईयां ने माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। वही नागमणि ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में सांसद प्रत्याशी रहेंगे। उन्होंने का कि जब बिहार झारखंड एक था तब हमे 1999 ई में चतरा लोकसभा से संसद के रूप में सेवा करने का मौका मिला था, उस समय नक्सली गतिविधि चरम सीमा पर थी उसके बावजूद भी चतरा में सर्वांगीण विकास किया गया।

### संविधान सदस्य यदुवंश सहाय व अमित कुमार घोष के अवदान का गुणगान



मेदिनीनगर। रजवाडीह मध्य विद्यालय में शिक्षकों व बच्चों ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद, डॉ भीमराव राव अंबेडकर, यदुवंश सहाय व अमित कुमार घोष के माध्यम से सभी संविधान निमार्ता सदस्यों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की तथा संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि संविधान के निर्माण में पलामू के दो रत्न यदुवंश सहाय 'यदु बाबू' एवं अमिय कुमार घोष 'गोपा बाबू' का बहुमूल्य योगदान है। विभूति द्वय न सिर्फ संविधान सभा के सदस्य थे बल्कि वे स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी योद्धा भी थे। यही कारण है कि अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें जेल में भी कैद रखा था। दोनों ने क्रमशः महात्मा गांधी व सुभाष चन्द्र बोस के निकट रहकर आजादी की लड़ाई लड़ी थी। कहा कि इन दोनों विभूतियों के बारे में नयी पीढ़ियों को बताया जाना चाहिए। शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने बच्चों के साथ मिलकर आयोजन को सफल बनाया।

### माध्यमिक शिक्षक संघ ने की सहयोगी शिक्षक के परिजनों से मुलाकात



हरिहरगंज पलामू। पिपरा प्रखंड के गजना निवासी सहयोगी शिक्षक दिवंगत संजय राम के आवास पर झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के सदस्यों ने परिजनों से मुलाकात की। मौके पर संघ ने स्व संजय के परिवार का हालचाल जाना। साथ ही उनकी नाजुक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए संघ की ओर से सांत्वना राशि 10000 रुपये प्रदान की गईं ताकि दिवंगत के श्राद्ध कर्म में किसी प्रकार की कमी न हो और यह आश्वासन दिया गया कि भविष्य में संघ दुख की इस घड़ी में वह उनके साथ है। मौके पर संघ के अध्यक्ष डॉ अजय कुमार, संगठन सचिव राहुल कुमार, मीडिया प्रभारी-मो शारिब, उपाध्यक्ष-निर्भय कुमार सिंह, चंद्रदेव राम (वरीय शिक्षक), उपाध्यक्ष अशरफ अली, सुमंत कुमार, पवन कुमार, निर्भय कुमार, कोषाध्यक्ष जयशंकर सोनी, संयुक्त सचिव नरेंद्र कुमार राम, कार्यकारिण सदस्य शैलेश प्रसाद यादव, श्रीलाल, झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

### पाटन मंडल के सभी बूथों पर पीएम के मन की बात सुना गया



**पाटन पलामू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात पाटन मंडल के सभी बूथों पर सुनने का कार्य किया गया। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ग्रामीणों के साथ अपने अपने बूथो पर मन की बात सुना। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य निरंजन पासवान, मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान, मंडल महामंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, मंडल मंत्री आनंद सिंह, मंडल मंत्री पशुपति नाथ शर्मा, मंडल मिडिया प्रभारी सतेन्द्र सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष बिशनाथ साव, बुथ अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, सगुना पंचायत संयोजक प्रिंस कुमार, सतोवा पंचायत संयोजक गिरेन्द्र सिंह, सतोवा पंचायत प्रभारी राजीव कुमार पाण्डे, अर्जुन कश्यप, ध्रुव दुबे, वीरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह अशोक कुमार, रौनक कुमार सिंह रूपेश प्रसाद, बिरेंद्र सिंह, राजा सिंह, महेंद्र सिंह शामिल थे।

### एनसीपी ने 2024 को लेकर की तैयारी शुरू



हुसैनाबाद पलामू। 2024 के चुनाव की तैयारी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पूरे जोर शोर के साथ जुट गई है। इसकी शुरूआत रविवार को एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कर दी है। सभी ने दो मिनट का मौन रख कर 26/11 के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान ने की। संचालन पलामू जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। इस मौके पर कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जात पात से उपर विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि चार वर्ष के दौरान हुसैनाबाद हरिहरगंज में जो विकास के कार्य हुए हैं, इससे जनता को अवगत कराने का काम कार्यकर्ता करें। उन्होंने इस दरम्यान बूथ कमेटियों को मजबूत करने का भी आह्वान किया। हुसैनाबाद से निकली चिंगारी सम्पूर्ण झारखंड में नया सवेरा लाएगी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, विजय राजवंशी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हाजी अब्बास अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मनदीप राम, युवा अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह हरी, ओमप्रकाश राजवंशी, बब्लू यादव, नरेश रजवार, हंसराज सिंह, राजकुमार ठाकुर, अंजली शर्मा, रिता देवी, उषा देवी, मधुसूदन पाठक, सोनू सिंह, दीपक सिंह, पूनम देवी, पप्पू सिंह, प्रदीप पासवान, राजन सिंह, रत्न लाल, राहुल ठाकुर, रामनाथ बैठा, अखिलेश सिंह, रविन्द्र कांस्यकार, महेंद्र सिंह, रमेश प्रजापति, विमलेश सिंह, चंदन सिंह, सिकेष सिंह, हसन खलीफा, मसीर खान समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कर्नल कप : चौथे दिन बैंराव ने बरेवा को हराकर पहुंचा अगले चक्र में



हुसैनाबाद (पलामू)। कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन भी दर्शकों रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच बरेवा बनाम बैराव के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली। निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। जिसके बाद फैसला पेनाल्टी शूटआउट में हुआ। जिसमें बैरांव की टीम 2-1 से विजई हुई। बैराव के तरफ से अमित सिंह और नीरज कुमार ने गोल किया। इसके पूर्व मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि बैंराव पंचायत के मुखिया आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन कर खिलाड़ियों को संयम के साथ खेलने का अनुरोध किया। क्लब के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से अपील किया कि खेल को खेल भावना के साथ खेले। हमलोग हुसैनाबाद से प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। आने वाले समय में हमारा क्लब हुसैनाबाद क्षेत्र के जूनियर बच्चों को भी इस टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान करेगा। मौके पर क्लब के उपाध्यक्ष डबल सिंह, प्रमोद बैठा, गणेश प्रजापति, मशहूर फुटबॉलर मेजर चौधरी, विनय सिंह, अमित कुमार सिंह, नेहाल मिर्जा, जय कुश सिंह, सगीर अहमद, सुभाष कुमार, रजनीश सिंह, लड्डू सिंह, मनु सिंह व खेल प्रेमी मौजूद थे। आज का मैच कोशी बनाम बभंडी के बीच खेला जाएगा।

## गुरु नानक देव की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरु नानक देव जी का 554वां प्रकाशोत्सव सिख समाज के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रविवार को शहर के बेलवाटिका स्थित गुरुद्वारा से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। इससे पहले पिछले 11 दिनों से चल रही प्रभात फेरी का समापन हुआ। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कमेटी के नेतृत्व में बाजे गाजे के साथ निकली शोभायात्रा में काफी संख्या में सिख समाज के महिला-पुरुष के अलावा अन्य वर्ग के लोग शामिल थे। सुसज्जित रथ पर गुरु ग्रंथ साहिब को विराजमान कर गुरुद्वारा से शोभायात्रा शुरू हुई। सबसे आगे छोटे व बड़े पंज प्यारे चल रहे थे। छोटे पंज प्यारे के रूप में कुंवर सिंह, पुनीत सिंह, मन्नत सिंह,राजपाल सिंह,फतेह सिंह व बड़े पंज प्यारे के रूप में सरदार हरप्रीत सिंह खालसा, उत्तम सिंह, बॉबी सिंह, मेला सिंह व बिट्टू सिंह शामिल थे। इस दौरान स्थानीय एवं पंजाब के केसगढ़ साहिब से आये रागी जत्था के सदस्य शबद गायन व कीर्तन कर रहे थे। शोभायात्रा का आकर्षण अमृतसर के खालसा जत्था के कलाकारों का प्रदर्शन रहा। कलाकारों ने सिख मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा नावाटोली चौक से स्टेशन रोड होते हुए पुनः गुरुद्वारा पहुंचकर समाप्त हुई। इसके बाद गुरुद्वारा में गुरु ग्रंथ साहिब का दीवान सजाकर शब्द कीर्तन किया गया। शोभायात्रा के आयोजन में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कमेटी के अध्यक्ष सरदार सतवीर सिंह राजा, सरदार चरण प्रीत सिंह, इंद्रजीत सिंह डिपल, सरदार गुरुदेव सिंह, राजेंद्र सिंह बंटी, गुरवीर सिंह गोलू, रविंद्र सिंह, बिट्टू वालिया, पप्पू, सत्यजीत सिंह, जीजीपीएस, दशमेश मॉडल स्कूल, गुरुकुलम के बच्चे सहित कई लोग थे।

**कई जगहों पर हुआ शोभायात्रा का स्वागत :** शोभायात्रा का स्वागत कई जगहों पर किया गया। जायंटस ग्रुप ऑफ डालटनगंज, खुला मंच, लायंस क्लब, रविदास परिवार, रांची टेंट हाउस, पूनम सिंह, बांबे ट्रेडर्स, महिंद्रा आर्किड, बाजार व्यवसायी एकता मंच, विहिप और नामधारी गुरुद्वारा के समीप प्रबंधन कमेटी ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया।

## सत्ता में भागीदारी से होगा चंद्रवंशी समाज का उत्थान : रामचंद्र चंद्रवंशी

5226वीं जरासंध जयंती सह चंद्रवंशी मिलन समारोह का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में रविवार को 5226वीं जरासंध जयंती सह चंद्रवंशी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह बिश्रामपुर के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन संयुक्त रूप से संजय सिंह उमेश और आनंद कुमार ने किया। मौके पर रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। लेकिन वर्तमान में हमारी स्थिति हर क्षेत्र में काफी खराब है। इसे सुदृढ़ करने के लिए सत्ता में भागीदारी निभानी होगी। झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्र में से 25 क्षेत्र ऐसे हैं जहां से चंद्रवंशी समाज अपना प्रतिनिधित्व दे सकते हैं। इसके लिए सभी को एकजुट होना होगा और समाज के उम्मीदवार को विधायक, सांसद बनाना होगा।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 29 को पंचायतो में होगा शिविर का आयोजन

## योजनाओं का लाभ उठाये जनता : डीसी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर प्रखंड के वार्ड नंबर 13 एवं 14 के लिए अंबेडकर भवन वार्ड 13 में, चैनपुर के करसो पंचायत में, छतरपुर के वार्ड नंबर 03 एवं 04 के लिए आंगनबाड़ी केंद्र बारा के पास, हैदरनगर के खरगड़ा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, हरिहरगंज प्रखंड के वार्ड नंबर 7 एवं 10 के लिए मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में, हुसैनाबाद प्रखण्ड के वार्ड नंबर 05 एवं 06 के लिए हरिजन स्कूल वार्ड नंबर 5 में, मनातू प्रखंड के मझौली पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, मेदिनीनगर वार्ड नंबर 3 के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, मोहम्मदगंज के मोहम्मदगंज पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नौडीहा बाजार के नावटांड पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नावाबाजार के इटको पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नीलांबर पितांबरपुर के लेस्लीगंज पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पांडू प्रखंड के पांडू पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पड़वा प्रखंड के लोहडा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पांकी प्रखंड के हुरलोंग पंचायत भवन में, पिपरा प्रखंड के पिपरा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, सतबरवा प्रखंड के रबडदा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, रामगढ़ प्रखंड के रामगढ़ पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, तरहसी प्रखंड के तरहसी पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, उंटारी रोड प्रखंड के लहर बंजारी पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त शशि रंजन ने संबंधित कार्यकारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पलामू जिले के सभी नगर निकायों में भी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत 27 और 28 नवंबर को भी शेड्यूल बनाकर शिविर लगाएं। उन्होंने आमजनों से भी अपील किया कि अपने निकटतम शिविरों में जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और कार्यक्रम के उद्देश्य को पूर्ण करें। इन शिविरों में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, पीएम स्वनिधि योजना, स्वयं सहायता समुह निर्माण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य से लाभुकों को लाभान्वित किया जाएगा। वहीं होल्डिंग टैक्स, पानी कनेक्शन, टैक्स एवं ट्रेड लाईसेंस से संबंधित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। पीडीएस के तहत राशन कार्ड को आधार से लिंक करने, सर्वजन पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का लाभ देने, आदि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं का त्वरित गति से निस्तारण किया जाएगा।

## आदिवासी चेरो बैगा संघ ने मनिका विधायक का किया भव्य स्वागत





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** सदर मेदनीनगर प्रखंड सह सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल बाजार में रविवार को 2023 में बिरसा मुंडा स्मृति से उत्कृष्ट विधायक से नवाजे गए रामचंद्र सिंह को भारतीय आदिवासी चेरो बैगा संघ के संयोजक अवधेश सिंह चेरो के नेतृत्व में लोगों ने फूलों की बारिश के साथ मंच पर लाया। वही विधायक सिंह को पगड़ीपोशी कर सम्मानित किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह तथा उपस्थित लोगों ने राजा मेदनीराय और बाबा भीमराव अम्बेडकर के चित्रों पर फूल अर्पित कर उन्हें याद किया। अध्यक्षता सोहडीखास उवि के एचएम भरदूल सिंह कर रहे थे। वही संचालन सरजा पंचायत के समाजिक कार्यकर्ता आनंद कुमार ने की। मौके पर संविधान दिवस पर विधायक रामचंद्र सिंह ने मौजूद मुखिया बासो देवी, अर्जुन सिंह, हृदय सिंह, शमीम अंसारी, अजीज अंसारी, दिनेश सिंह, पुष्पा देवी, पूनम यादव, अंजना सिंह, शीतल सिंह, संजय यादव, संगीता देवी, अलका कुमारी समेत सभी मुखिया के अलावा अजीत सिंह, उपाध्याय सिंह, राधिका रमन सिंह, व्यास नागेंद्र सिंह समेत कई लोगों को विधायक ने सम्मानित किया। मौके पर अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि राजा मेदिनी राय के वंशजों के लिए गौरव की बात है। अभी तक 20 उत्कृष्ट विधायकों का चयन किया गया है जिसमें 2023 में विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक से नवाजा गया है जो चेरो समाज के लिए गौरव की बात है।

### सशक्तिकरण शिविर का आयोजन लोगो को सशक्त बनाना है : पीडीजे



मेदिनीनगर। सदर प्रखण्ड में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सशक्तिकरण शिविर का आयोजन का उद्देश्य ही लोगो को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का उदघाटन पीडीजे ने अपने उपस्थिति में लाभुको से द्वीप प्रज्वलित कर कराया। इस मौके पर पीडीजे ने कहा जितना प्रचार प्रसार होगा उतना ही अधिक लोग इसका लाभ उठा पाएंगे। उन्होंने कहा सशक्तिकरण शिविर का बेसिक परपस लोगो को कमजोर नही होने देना है। शिविर के माध्यम से लोग सशक्त होते है। आज का दिन बेहद खाश व पावन दिन है आज के दिन को हम संबिधान दिवस के रूप में मनाते हैं। इस मौके पर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्रा ने कहा कि आज सबसे ज्यादा सशक्त महिलाओं व बच्चों को होना चाहिए। जागरूकता से ही समाज मे बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता से ही दुर्वलता दूर हो सकता हैं।

## पर्यावरणविद ने 200 बरातियों को किया सम्मानित

### सभी को आम का पौधा देकर किया विदा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के आजाद नगर में गुलाम गौस पत्नी शबाना परवीन के पुत्री तारा नाज के विवाह में बिहार के औरंगाबाद के कुटुंबा थाना से आये 200 बारातियों को विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने सभी बारातियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं उन्हें थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा देकर विदाई किया। उन्होंने कहा कि इस्लाम धर्मावलंबियों को जन्नत का दरवाजा खुला रखना है तो उन्हें खुदा का आदेश पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि खुदा का जो इशारा है वह कुदरत की हरे रंग और धर्म के हर रंग से जुड़ा हुआ है। मक्के मदीने में रोजेका गोमज का रंग भी पिछले 1400 वर्षों से हरा है। कौशल ने कहा कि पृथ्वी पर बिना हरियाली लाये खुशहाली की कामना करना बेमानी होगा। गुलाम गौस की पुत्री की शादी में उप मुखिया नगीना खातून, अफजाल अंसारी, डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल एवं उनके प्रतिनिधि जुबेर अंसारी, छतरपुर पूर्वी से जिला परिषद अमित कुमार के प्रतिनिधि सुचित कुमार जायसवाल, लड़की के दादा अमीन इदरीश, शहाबुद्दीन अंसारी, जमीरउद्दीन अंसारी, साकिम अंसारी, कर्मचारी अंसारी, शमीम अंसारी, मुंतजिर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, असगर अंसारी, सहित कई लोग शामिल थे।

### नवाह्नपरायण महायज्ञ में श्रीराम राज्याभिषेक आज

**मेदिनीनगर।** साहित्य समाज स्थित श्रीरामचरित मानस नवाह्नपरायण महायज्ञ में राज्याभिषेक कार्यक्रम का आयोजन 27 नवंबर को दिन के 10 बजे से किया जायेगा। इसकी जानकारी महायज्ञ समिति के अध्यक्ष ध्रुवनारायण सिंह व सचिव शिवनाथ अग्रवाल ने दी। सिंह ने कहा कि पलामू प्रमंडल के पूर्व आयुक्त जटाशंकर चौधरी के द्वारा मानस यज्ञ में राज्याभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने जिलेवासियों से यज्ञ में आकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आहवान किया है। मौके पर पूर्व आयुक्त, मेदिनीनगर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, जिला स्कूल के पूर्व प्राचार्य पंडित सच्चिदानंद मिश्र, डॉ रघुवंशनारायण सिंह, पूर्व सिविल सर्जन डॉ विजय सिंह समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

### चैनपुर में महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**चैनपुर पलामू।** राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रमुख गायत्री देवी,बीडीओ नितेश भास्कर, सीओ संजय कुमार बखला, उप प्रमुख सुनील सिंह द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रखंड अंचल पदाधिकारी कहा कि समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की न्याय तक पहुंच आसान बनाने के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किए कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों व कानून के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। शिविर में रिसोर्स पर्सन ने संविधान में महिलाओं को प्रदान किए मूल अधिकारों, संवैधानिक उपायों, पारिवारिक कानूनों, फौजदारी एवं दीवानी कानूनों, श्रम कानूनों, महिलाओं बंदियों की जानकारी दी। बीडीओ नितेश भास्कर ने लोगो को उत्साहित करते हुए गरीब असहाय लोगो को कंबल दिया व जॉब कार्ड का वितरण किया और मौके पर दीदी बाड़ी वाले महिलाएं को शुकृति पत्र दिया। बच्चों, विधवाएं, दिव्यांगो, महिलाये, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जन जाति समुदाय एव वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु आयोजित की गई थी। मौके पर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और सभी पंचायत के मुखिया और सभी पदाधिकारी शामिल थे।

## इंग्लिश मीडियम स्कूल ने किया भारतीय संस्कृति व संस्कारों का नाश : देवकीनंदन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** इंग्लिश मीडियम स्कूल ने भारतीय संस्कृति व संस्कारों का नाश कर दिया है। बच्चे मां पिता को बाय-बाय मॉम व बाय-बाय डैड कहकर स्कूल जाते हैं। यह हमारी संस्कृति व संस्कार नहीं है। भारतीय संस्कृति व संस्कार है बच्चे मां-पिता के चरण छूकर व आशीर्वाद लेकर स्कूल जाना। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय कथावाचक, शांतिदूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा वाचन कर रहे थे। देवकीनंदन ने कहा कि हमारे संस्कार ऐसे होने चाहिए कि घर से बेटी बाहर निकले तो लोग उन्हें बेटी बहन की तरह देखें। बहन- बेटियां घर से कहीं अकेले नहीं जाएं। ऐसा नहीं कि बेटियां कमजोर हैं। बेटी को मां-बाप के साथ कहीं जाना चाहिए। शादी के बाद पति के साथ। कहा कि स्त्री के सम्मान की 100 करोड़ भी कीमत नहीं जो कोई खरीद सके। कहआ-कओई यह मत भूले कि सम्मान की खातिर महाभारत हुई थी। देवकीनंदन ने कहा कि जिनके बाप बच्चों को नहीं डांटते, बच्चे बिगड़ जाते हैं। जीवन में एक व्यक्ति बाप का डर जरूर होना चाहिए। हर एक गलती करने से बचें। अगर किसी से नहीं डरते तो नारायण से जरूर डरें।

### पांडू ब्लॉक सभागार में स्पेशल इंपावर मेंट कैंप का आयोजन



**पांडू पलामू।** पांडू ब्लॉक सभागार में झालसा व डालसा के निर्देश पर स्पेशल इंपावर मेंट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में मुख्य अतिथि डालसा के पीएलवी श्रीकांत तिवारी ने लोगों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने डालसा से मिलने वाले लाभ की जानकारी भी दी। कहा कि आम जनता को सरल, सुलभ व शीघ्र न्याय दिलाने के लिए डालसा प्रतिबद्ध है। कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर विधिक जागरूकता शिविर में आवेदन दें। उनके समस्या का समाधान किया जायेगा। कार्यक्रम में 20 लोगों का आवेदन जमा लिया गया। मौके पर सभी आवेदन स्वीकृत किया गया। मनरेगा में जॉब कार्ड 10, राशन कार्ड पांच, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 12 आवेदन कार कार्यवाही पूर्ण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रधान सहायक सतीश कुमार उपाध्याय, पंकज कुमार, छोटू कुमार, सद्याम आदि कई लोग शामिल थे।

### कार व बाइक की टक्कर में चाचा की मौत, भतीजा घायल



हरिहरगंज पलामू। पिपरा थाना क्षेत्र के सूलतानी बस स्टैंड के समीप एनएच 98 पर रविवार को कार व बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार 55 वर्षीय रामाश्रय पासवान की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहे 26 वर्षीय उनका भतीजा ललन पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सरईडीह गांव के निवासी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार बलरा गांव से एक रिश्तेदार से मिलकर रामाश्रय पासवान अपनी भतीजी के रिश्ता के लिए बाइक से बिहार की ओर जा रहे थे। तभी उक्त स्थान पर सड़क पार करने के दौरान हरिहरगंज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार जेएच 0 एफ सी 0335 ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे रामाश्रय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर हरिहरगंज व पिपरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु मेदिनीनगर भेज दिया। घायल युवक को इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया की टक्कर मारने वाले कर को जब्त कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

## महुगावां में खुला जनक दुलारी हॉस्पीटल




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम महुगावां में रविवार को एक निजी जनक दुलारी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर का शुभारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ डॉ एसएल भगत, डॉ साकेत सोनी, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ धनंजय सिंह व डॉ पप्पू कश्यप के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

डॉ एस एल भगत ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नही हैं। गरीब की सेवा किसी भी रूप में किया जा सकता हैं। वही डॉ साकेत कुमार सोनी ने कहा की इस सेंटर के माध्यम से असहाय एवं गरीब लोगो को मदद मिलेगा जो बाहर जाकर इलाज नही करा सकते है। उन्हें बेहतर इलाज हो सकेगा। हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के संचालक डॉ विजय सोनी उर्फ पिन्टू सोनी ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया।

डॉ पिन्टू ने के बताया कि हॉस्पिटल में 24 घंटा सुविधा उपलब्ध रहेगा और लोगो को सुविधा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पांडू प्रखंड क्षेत्र सुदूरवर्ती छेत्र के अंतर्गत आता है, इस इलाके के लोगो को ईलाज के लिए नजदीक में बेहतर सुविधा हो इसी उद्देश्य से हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया है। इस हॉस्पिटल में अनेको बिमारी का बेहतर ईलाज प्रशिक्षित एवं अनुभवी डॉक्टर के द्वारा किया जाएगा।

मौके पर डॉ रवि सिन्हा, डॉ अशोक कुमार लैब टेक्नीशियन सुनील कुमार चंद्रवंशी व सुबीन कुमार सिंह, विरेन्द्र सोनी, काजल कुमारी, सोनी कुमारी, पिंकी कुमारी, चांदनी कुमारी जनकराज सोनी, पवन कुमार सोनी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## यज्ञ पूणार्हुति आज, सात दिनों का फल श्रद्धालु करें प्राप्त





**खबर मन्त्र संवाददाता**

### प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कर रहे हैं यज्ञ मंडप की परिक्रमा व पूजन

**मेदिनीनगर।** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूणार्हुति सोमवार को होगी। श्रद्धालु महायज्ञ के सात दिनों के पूरे फल अंतिम दिन यज्ञ परिक्रमा, पूजन व दर्शन कर प्राप्त करें। उक्त आह्वान यज्ञाचार्य उदितानंद जी महाराज ने की। वे रविवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित महालक्ष्मी नारायण यज्ञ परिसर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। बताया कि यज्ञ साक्षात विष्णु के स्वरूप हैं। यज्ञ वैदिक मंत्रों द्वारा संपादित होता है। वेद नारायण के स्वरूप हैं। वेदो अखिलम धर्म मूलम... वेद धर्म का मूल है। धर्म व वेद साक्षात नारायण के स्वरूप हैं। इसलिए यज्ञ का बहुत ही बड़ा महत्व है। यज्ञ में संपूर्ण देवी- देवताओं व तीर्थों का निवास होता है। वैदिक मंत्रों द्वारा सभी देवताओं, ऋषियों, मुनियों, दिव्य आत्माओं सहित 64 योगिनी महाकाली, महासरस्वती व महालक्ष्मी का आह्वान होता है। समग्र देवताओं का यज्ञ स्थल पर वास होता है। यज्ञ के पूजन दर्शन से सभी तीर्थों में जाने का फल प्राप्त होता है। पापों का नाश होता है। बुद्धि शुद्ध व निर्मल होती है। श्रद्धालु 1, 11, 21, 51, 108 व 1008 बार परिक्रमा कर सकते हैं। कहा कि यज्ञ में चारों वेदों का स्व स्वर पारायण हो रहा है। 7 बजे सुबह से शाम 3 बजे तक नियमों का पालन करते हुए नारायण या अपने ईष्ट देवताओं के नाम को जपते हुए परिक्रमा करनी चाहिए।

पूरे पलामू प्रमंडल के श्रद्धालु सोमवार को यज्ञ की परिक्रमा में भाग लें व अपने जीवन को पुण्य के भागी बनाएं।

स्पीड न्यूज

### कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद कार्यालय मे रविवार को नगर परिषद कार्यालय में संविधान दिवस पर कर्मचारियों को संविधान दिवस के उद्देशिका की शपथ दिलाई। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में संविधान के प्रारूप को स्वीकार किया था। इसके निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर थे और इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। संविधान सम्मत उद्देशिका को अपने जीवन में उतारने और उसके अनुरूप कार्य करने का प्रयास करें। मौके पर नगर परिषद कर्मी राजीव रंजन रवि कुमार शंकर कुमार आकाश मिश्रा रविन्द्र राम पंकज अग्रहरी उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने मनाया संविधान गौरव दिवस

**चिरकुंडा।** संविधान दिवस के मौके पर चिरकुंडा-पंचेत रोड स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर चौक पर भाजपाइयों ने संविधान गौरव दिवस मनाया ।भाजपा के बापी सेनगुप्ता,डबलू बाउरी ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं चिरकुंडा थाना परिसर में भी भारतीय संविधान दिवस मनाया गया और थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह की मौजूदगी में सभी अधिकारी व जवानों ने शपथ लिया।

### कर्मचारियों को दिलाई संविधान की शपथ

**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड कार्यालय में राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर एगयारकुंड प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार के नेतृत्व में रविवार को एगयारकुंड प्रखंड कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया तथा संविधान का शपथ लिया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने कहा कि देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है ।26 नवंबर का दिन संविधान के महत्व का प्रसार करने और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं का प्रसार करने के लिए चुना गया है। इस अवसर पर अमित कुमार तिवारी, छत्रपति शाही किस्कू , प्रमोद कुमार झा ,योगेश दत्त ,संदीप सिंहा ,अविनाश बाउरी, युगल बाउरी, कविता कुमारी सहित आदि लोग उपस्थित थे।

### स्कूल के भवन निर्माण को लेकर भूमि पूजन

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा अग्रसेन सरस्वती बिद्या मंदिर सीबीएसई बोर्ड की भूमि पुजन आज चिरकुंडा राउंड टेबल के सौजन्य से विद्यालय की नई भवन निर्माण के लिए किया गया। इस अवसर पर भूमि पूजन सचिब अनुराग गढियांन एबम उनकीधर्मपत्नी शीजल गढियांन ने किया इस अवसर पर ब्राह्मण दुआरा मंत्रोचारण के साथ पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर झारखंड तथा बंगला के समाजिक संघटनो के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सचिब नीलेश कुमार गढियांन ने बताया कि राउण्ड टेबल के सौजन्य से बच्चों के किये बैठने तथा पढाई करने के लिए 2000 स्कुयार फिट का उक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है जो मार्च 2024 तक बनकर तैयार होने कि उमीद है इस अवसर पर राउण्ड टेबल केचेयरमैन आकाश बंसल उपचेयरमैन अंकित अग्रवाल सचिब अरुण गढियांन राहुल खड़किया उमंग अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में अधिकारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का वाचन

# संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार और कर्तव्य महत्वपूर्ण

संविधान दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर रविवार को समाहरणालय के सभागार में उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान सभा ने जिस परिकल्पना के साथ संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया है उसके मूल मंत्र को अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। संविधान के मूल उद्देश्यों का बार-बार पठन करने से ही उसके मूल मंत्र का हम अपने व्यवहार एवं दिनचर्या में पालन कर सकेंगे। हम सबको मिलकर अपने मौलिक दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लेना है। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलाकांत गुप्ता, निदेशक एनईपी इंदु रानी, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रदीप कुमार,अंशु कुमार पांडेय, रवींद्रनाथ ठाकुर, जिला नजीर आनंद कुमार, सामान्य शाखा के असलम परवेज, जन शिकायत कोषांग के एनके कुशवाहा, जिला जनसंपर्क कार्यालय के तापस रंजन पाल सहित समाज कल्याण, आपूर्ति, कल्याण सहित अन्य शाखा के कर्मी मौजूद थे।



### संविधान दिवस पर याद किये गये डॉ भीमराव अंबेडकर

**धनबाद ।** संविधान दिवस पर धनबाद में विभिन्न संगठनों के तरफ से कार्यक्रम का आयोजन कर बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित की गई ।धनबाद के डीआरएम चौक स्थित बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा पर कई संगठन के लोगों ने माल्यार्पण किया एवं उनके बताए रास्ते पर चलने एवं संविधान के प्रस्तावना की शपथ ली। वक्ताओं ने कहा कि 26 नवंबर को हमारे देश का संविधान बनकर तैयार हुआ था जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।

### गणतंत्र की राह पर चल रहा है देश : तारा देवी

**सिंदरी।** 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर संविधान सभा द्वारा अपनाने के उपलक्ष्य में रविवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी के नेतृत्व में रोहड़ाबाँध स्थित अंबेडकर चौक पर संविधान गौरव दिवस धूमधाम से संपन्न हुआ। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी भाजपा नेत्री तारा देवी ने कहा कि आज देश गणतंत्र की राह पर चल रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार संविधान के अनुरूप कार्य कर रही है। हमें गर्व है कि देश का सर्वोच्च कानून होने की हैसियत से संविधान नागरिकों के अधिकार, सरकार की शक्ति और उसके कामकाज के तौर-तरीकों का निर्धारण करता है। क्रिमिनल लॉ (संशोधन) अधिनियम, 2023 ने आइपीसी में संशोधन किया है ताकि एसिड हमलों को एक जेंडर न्यूट्रल अपराध माना जा सके। मौके पर सांसद सिंदरी प्रतिनिधि शैलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सह सांसद बलियापुर प्रतिनिधि घनश्याम ग्रोवर, जिला महामंत्री निताई रजवार, जिला कार्यसमिति सदस्य विजय सिंह, अरविंद खत्री, मनोज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मंटू रवानी,कुमार महतो सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अधिकारियों को कहें वे कमीशन नहीं लें, मैं अच्छा काम करूंगा : ठेकेदार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** (डीएमएफटी) फंड से धनबाद में लगातार विद्यालय के चार दिवारी का निर्माण हो रहा है। प्राथमिक विद्यालय बरईगढ़ा निरसा धनबाद जहां 21 लाख 11 हजार रुपए से विद्यालय चारदीवारी का निर्माण हो रहा है। योजना में तो यह दशार्या जाता है कि विद्यालय में चारदीवारी नहीं होने से परेशानी हो रही है परंतु यह चारदीवारी कितने दिनों का होगा यह किसी को पता नहीं? एस्टीमेट के हिसाब से शायद ही कोई विद्यालय होगा जहां काम हो रहा होगा। ठेकेदार से जब ग्रामीण बात करते हैं तो कैमरा से बचते हुए कहते हैं कि हमारी मजबूरी है हम कमीशन देते देते परेशान है ग्रामीणों को कितना अच्छा चार दीवारी चाहिए इतने पैसे में? यदि आप लोगों को लगता है कि काम अच्छा हो तो आप लोग अधिकारियों को जाकर बोलिए कि वह अपना कमीशन ना ले मैं काम अच्छा करूंगा। संवेदक कभी विद्यालय देखने आते नहीं, उन्होंने भी किसी अन्य लोकल व्यक्ति को ठेकेदारी दे रखा है अर्थात ठेकेदार के अंदर ठेकेदार। स्थानीय ठेकेदार का मन तो जितने टेबल से होकर फायले गुजरती हैं उतना चढ़ावा चढ़ाना होता है। एक स्थानीय ने उपयोग में लाए जाने वाले मसाले का फोटो खींचा जो अब स्थानीय के बीच में घूम रहा है।

उपयुक्त धनबाद वरुण रंजन लगातार यह दावा कर रहे हैं कि धनबाद में विधि व्यवस्था सही रहेगी लोग इमानदारी से काम करेंगे। दुर्गा पूजा एवं छठ पूजा के समय में स्वयं ग्राउंड पर उतर कर उन्होंने जायजा लिया जिससे लोगों की आशाएं जगी है। जो तस्वीर स्थानियों के बीच मोबाइल मोबाइल का खेल खेल रहा है क्या यह तस्वीर उपयुक्त धनबाद तक पहुंचा है? यदि हां तो क्या उस संवेदक का बात सही माना जाए जिसमें वह दावा करता है, की सभी अधिकारियों के पास उनका हिस्सा पहुंच गया है। आज तक विद्यालय में शिलान्यास का खिलाफत लगा तक नहीं है, पत्रकारों ने जब स्थान पर जाकर जायजा लिया तो पता चला शिलान्यास होने से पहले ही कार्य शुरू कर दिया गया था शिलान्यास के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति हुई आज भी शिलापट्ट विद्यालय के अंदर रखा हुआ है।

## झारखंड में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को अनुमति नहीं देना दुखद : कमलेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** झारखंड के धनबाद जिला गोविंदपुर आशा बनी गांव में तबलीगी जमात के द्वारा इत्तमा कार्यक्रम को आयोजित है। इस कार्यक्रम में लगभग 3 से 5 लाख लोगों की जुड़ने की उम्मीद है। उपरोक्त कार्यक्रम को लेकर प्रांतीय गौ रक्षा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद झारखंड के कमलेश सिंह ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि एक तरफ झारखंड सरकार झारखंड के गिरिडीह ,पलामू धनबाद में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम पर रोक लगा रही है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय के लाखो लोगों को कार्यक्रम करने की अनुमति दे रही है। यह झारखंड में झारखंड सरकार की हिंदुओं के प्रति दोहरी नीति का चेहरा को सामने लाता है। आगे कमलेश सिंह ने बताया कि कोरोना काल में तबलीगी जमात के लोगों ने कोरोना फैलाने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी जिसको लेकर सरकार के द्वारा तबलीगी जमात पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध भी लगाई गई थी। और वैसे लोगों के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित है यह विशुद्ध रूप से झारखंड सरकार के मुसलमानों के प्रति मानसिकता को दशार्ता है सरकार इसमें पूरी सुविधा दे रही है। हिंदुओं के कार्यक्रम में अडचन पैदा करती है और मुस्लिम के कार्यक्रमों में सहायता करती है। इसके साथ-साथ ही कमलेश सिंह ने संभावना व्यक्त करते हुए बताया कि कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भोजन में गौ मांस परोसा जाएगा । इससे झारखंड सरकार का गोवंश हत्या निषेध अधिनियम 2005 कानून का घोर उल्लंघन होने वाला है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस प्रकार की कोई भी कार्य नहीं हो। उन्होंने कहा कि हम विश्वास करते हैं कि प्रशासन अभिलंब इन सब बातों पर ध्यान देगा।

## लायंस क्लब ऑफ कतरास ने लगाया नेत्र जांच शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** रविवार को लायंस क्लब ऑफ कतरास एवं एलसीआरएन खरकिया आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में मोतियाबिंद का कैंप राजस्थानी समाज भवन कतरास बाजार हटिया में आयोजित किया गया। जिसमें मौके पर मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ कतरास के अध्यक्ष डॉ उमाशंकर एवं डॉ बी एन चौधरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। मुंबई हमले को बरसी पर लायंस क्लब ऑफ कतरास तथा खरकिया आई हॉस्पिटल के सभी डॉक्टर्स तथा सहयोगियों की ओर से समुहिक रूप से श्रद्धाजलि देकर एक मिनट का मौन भी रखा गया। लायंस क्लब कतरास के रितेश दुबे राजकुमार प्रसाद समीर जायसवाल कृष्ण कन्हैया राय विष्णु चौरसिया विवेक सिंह विवेक सिन्हा कुमार चंदन प्रतीक मिश्रा विभूति सिंह शैलेश बर्मन अचिंत्य बॉस सुरेश रजक संजय अग्रवाल डॉ स्वतंत्र कुमार डॉ मधुमाला, महेश अग्रवाल,अंजनी देवी साथ ही कतरास बाजार के अनुराग बजरंगी शशि अग्रवाल राहुल कनौजिया रिंकू सिंह आनंद खंडेलवाल इत्यादि लोग मौजूद थे।

200 मरीज का आंख जांच हुआ जिसमें 53 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया और ऑपरेशन के लिए चयन हुआ। इन सभी मरीजों को एलसीआरएन खरकिया आई हॉस्पिटल ऑपरेशन के लिए लायंस क्लब कतरास के तरफ से भेजा जाएगा।

एक नजर में

### बीएसएल में ईडी ने दिलाई संविधान की शपथ



**बोकारो।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बोकारो स्टील प्लांट के इस्पात भवन के समिति कक्ष में अधिशासी निदेशक ;कार्मिक एवं प्रशासनद्ध राजन प्रसाद ने बीएसएल अधिकारियों व कर्मियों को भारत के संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में सीजीएम ;एचआरडीद्ध मनीष जलोटा सीजीएम ;कार्मिकद्ध हरि मोहन झा सीजीएम ;टीएद्ध कुंदन कुमार तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। इसके अलावा संविधान दिवस पर बीएसएल संचालित स्कूलों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### असंगठित मजदूरों सहित किसानों को हक दिलायेगा मासस : बबलू महतो

**सिंदरी ।** संगठित और असंगठित मजदूरों के नेता श्रीपति महतो और बीरबल महतो की श्रद्धांजलि सभा परसबनिया पंचायत के मार्शलिंग यार्ड का आयोजन मार्क्सवादी समन्वय समिति और मार्क्सवादी युवा मोर्चा द्वारा रविवार को किया गया। दोनों मजदूर नेताओं के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मासस केन्द्रीय सचिव चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो ने कहा कि दोनों मजदूर नेताओं ने आजीवन मजदूरों की लड़ाई लड़कर उन्हें हक दिलाया। संविधान दिवस के अवसर पर केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ संगठित और असंगठित मजदूरों सहित किसानों को हक दिलाने का काम करेंगे। श्रद्धांजलि सभा में सबसे पहले श्रीपति महतो की धर्मपत्नी ने दोनों मजदूर नेताओं को श्रद्धांजलि दी। सभा में मायुमो जिला उपाध्यक्ष विक्की पंडित, पंचायत समिति प्रतिनिधि मंगल महतो, जगतू महतो, दीपक महतो, मनोज रवानी, बबलू महतो, वार्ड सदस्य जय प्रकाश सिंह, सुरेश पाल, परिमल महतो, अरविंद महतो, गौतम रवानी, जगदीश रजक, मुख्तार खान व पंचायत के समस्त ग्रामीण मौजूद थे।

### विधायक ने किया गांव गंजूडीह में पेयजल मीनार का उद्घाटन



**बोकारो।** बीएसएल के सीएसआर के तहत गंजूडीह में सौर ऊर्जा चालित पेयजल मीनार का शुभारम्भ विधायक बिरंची नारायण द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएसएल के सीजीएम ;टीएद्ध कुंदन कुमार जीएम ;सीएसआरद्ध सीआर के सुधांशु तथा स्थानीय निवासी उपस्थित थे। तीन हजार लीटर क्षमता का यह सौर ऊर्जा चालित पेयजल मीनार गंजूडीह के निवासियों को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराएगी। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर के तहत बोकारो के दलित एवं आदिवासी बहुल कुल 05 परिक्षेत्रीय गांवों में इस प्रकार का पेयजल मीनार स्थापित करने की योजना है जिनमें गंजूडीह के अलावा बुधनाडीह नरकरा झिकलोपा एवं महुआर शामिल हैं।

## पुटकी : बाल भोजन कार्यक्रम में शामिल हुईं झरिया विधायक

**पुटकी।** झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह नीरज को तिलक लगाकर व फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।वही अपने सम्बोधन में श्रीसिंह ने कहा करकेन्द डेफोडिल्स एकाडेमी की एक छात्रा दिल्ली में पीजी कर रही है। यह डैफोडिल्स स्कूल की एक बड़ी उपलब्धि है। यह विद्या का एक मंदिर है। जब मैं यहां आती हूं।तो मुझे बड़ी खुशी होती है। यह स्कूल हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत है। सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं प्राचार्य पूरी शक्ति लगाकर बच्चों को पढ़ाते हैं। यही कारण है कि यहां के प्रायः बच्चे प्रतिभा के धनी है। वे दिल्ली जैसे महंगा शहर में रहकर पीजी एवं आइटी जैसे बिषयों की पढ़ाई कर रहें हैं।स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य तापस बनर्जी को धन्यवाद दिया। कहा बच्चों को सभी बिषयों के प्रति जागरूक करें। पढ़ाई के लिए प्रेरित करें।प्राचार्य तापस बनर्जी ने कहा कि 14 नवंबर को मनाए जाने वाला बाल दिवस आज 26 नवम्बर रविवार को मनाया गया। करीब पांच सौ बच्चों एवं अभिभावक को पुरी-सब्जी और मिठाई खिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद सिंन्हा, दिलीप वर्णवाल, कौशल झा आदि शामिल हैं।

## डीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने समाहरणालय स्थित परिसर से जागरूकता रथ को रवाना किया। मौके पर अपर समाहर्ता मेनका डीएसओ शालिनी खालको एपीआरओ अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे। उपायुक्त श्री चौधरी ने बताया कि जिला आपूर्ति शाखा द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को जागरूक करने के लिए इस रथ को आज रवाना किया गया। यह रथ जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों का भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगी। डीएसओ श्रीमती खालको ने बताया कि विभागीय योजनाओं से छूटे हुए लोगों को जोड़ने और उन्हें जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। रथ के साथ योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी उपलब्ध कराये गये हैं। उन्होंने कहा कि आम जनों को राशन कार्ड झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना पीवीटीजी योजना आकस्मिक खाद्यान्न कोष सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना सरकारी भोजन केंद्र प्रधानमंत्री उज्वला योजना सीएम सपोर्ट आदि के संबंध में लोगों को जागरूक करेगी।

### वृद्ध महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया मोड़ के समीप काली मंदिर में श्रद्धालु भक्तों द्वारा श्रद्धा भाव से माता के चरणों में चढ़ाई गई साड़ी का वितरण रविवार को मंदिर संचालन समिति की ओर से किया गया। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के गरीबए असहाय व वृद्ध महिलाओं के बीच जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राजए पूर्व मुखिया सह मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद स्वर्णकार आदि ने साड़ी वितरण किया।

## एथलेटिक में बेरमो के बच्चो ने लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** धनबाद में आयोजित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट में बेरमो के छात्रों ने गोल्डए सिल्वर और ब्रॉन्ज प्राप्त कियाण्राज कुमार सोरेन ने 1500 मीटर की दौड़ में गोल्ड मेडल जीता हीए साथ ही 800 मीटर में सिल्वर पर कब्जा जमायाण्ओम कुमार लॉन्ग जम्प में सिल्वर और ट्रिपल जंप में ब्राउंज मेडल पर कब्जा कियाण्निर्मल कुमार महतो ने भी हाई जंप में सिल्वर अपनी झोली में डालने में सफल रहेण्डिस्कस और हैमर थ्रो इंवेट में तौसीफ खान ने सिल्वर जीता ण100 मीटर हर्डल मे प्रीति कुमारी गोल्ड और 100 मीटर की दौड़ में सिल्वरण रेशमी कुमारी ने शॉट पुट और हैमर थ्रो में गोल्ड जीताएजबकि लॉन्ग जंप और ट्रिपल जंप में मनीषा टोप्पों ने सिल्वर जीताण्बच्चों का कहना है कि ट्रेंनिंग इक्विपमेंट का घोर अभाव हैं कई बार इस विषय में सीसीएल प्रबंधन को पत्राचार भी किया जा चुका है उसके बाद भी दिक्कत जस का तस बना हुआ हैण हमारे ट्रेनिंग टीचर बुक्कू दा के कारण ही इक्विपमेंट के अभाव में भी मैडल जीत पाए हैं।



### चंद्रपुरा में संविधान दिवस पर बाल संसद आयोजित



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और केंद्रीय विद्यालय द्वारा यहां के ऑफिसर्स क्लब में संविधान दिवस के अवसर पर बाल संसद का आयोजन किया गया। बाल संसद में बच्चों ने विपक्ष की भूमिका में सत्ता पक्ष से कहा कि लोगों का आहार शुद्ध होगा तभी समाज शुद्ध होगा। सत्ता पक्ष में बैठे सदस्यों ने जवाब में कहा कि सरकार इस मुद्दे पर सहजता से काम कर रही है। अगर सरकार सही काम नहीं करती तो लोग आज इतना खुशहाल नहीं होते। बाल संसद में डिनोवली विद्यालय मिल्लत एंग्लो क्यूरेनिक रटारी विद्यालय केंद्रीय विद्यालय डीवीसी प्रथम मध्य विद्यालय बिरसा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर और डीवीसी 2 उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर वरिष्ठ जीएम सह परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के कारण ही हमारा देश का भविष्य उज्जवल होगा। न्यायाधीश की भूमिका में वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश शाह डीजीएम ;प्रशासनद्ध टीटी दास प्रबंधक एके चंद्रशेखर शामिल थे।

# वैध भट्टे में धड़ल्ले से हो रहा अवैध कोयले का कारोबार

**मनीष अग्रवाल के कोक इंडस्ट्री में रखा 200 टन व ट्रक पर लोड 8 टन कोयला जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी मिहीर सालकर के निर्देशानुसार खान निरीक्षक श्री विनोद प्रमाणिक ने कल दोपहर बलियापुर स्थित मेसर्स जय माता कोक इंडस्ट्री और विजयलक्ष्मी कोक की औचक जांच की। जांच के क्रम में वहां स्टोर किया गया लगभग 200 टन कच्चा कोयला बिना परिवहन चालान के पाया गया। साथ ही ट्रक संख्या यूपी 65 जीटी 1989 पर लोड किया जा रहा लगभग 8 टन कच्चा कोयला भी जब्त किया गया। इस संबंध में खान निरीक्षक ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर जिले में कोयले के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध जिला खनन ट्रांसपोर्ट द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दोपहर बलियापुर के उक्त कोक इंडस्ट्री में औचक जांच की गई। जांच के क्रम में देखा गया कि उपरोक्त ट्रक में कच्चा कोयला लोड किया जा रहा था। जांच दल ने ट्रक के ड्राइवर महेश कुमार, जो उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले का रहने वाला है, को पकड़ लिया। ड्राइवर ने बताया कि यहां से ट्रक पर कोयला लोड कर उसे कानपुर ले जाना था। ट्रक पर लगभग 8 टन कच्चा कोयला लोड किया जा चुका था। साथ ही कोक इंडस्ट्री में लगभग 200 टन कच्चा कोयल बिना परिवहन चालान के आया गया। ट्रक ड्राइवर को बलियापुर थाना को सुपुर्द किया गया है। साथ ही ट्रक चालक, वाहन मालिक, ट्रक के उपचालक, मैसर्स जय माता कोक इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर मनीष कुमार अग्रवाल एवं इसमें सम्मिलित अन्य लोगों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 एवं द झारखंड मिनिरल्स प्रिवेंशन ऑफ इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल्स, 2017 के नियम 13 के तहत मामला दर्ज करने के लिए बलियापुर थाना को आवेदन दिया गया है।



### डीसी की कार्रवाई की हो रही सराहना

स्थानीय लोगो ने डीसी के इस कारवाई को सराहा वही बलियापुर पुलिस पर सवाल उठाए हैं की आखिर क्यूं नही करते अवैध कारोबार करने वाले भट्ठो और संचालकों पर कारवाई जिससे तस्करो का मनोबल बढ़ा रहता हैं। यह कारोबार बहुत दिनो से लालाडीह में फल फूल रहा था ।

## स्पीड न्यूज

### बीडीओ के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन

**लातेहार।** लातेहार जिला के गारू प्रखंड में पदस्थापित झा.प्र.से के अधिकारी प्रताप टोप्पो के आकस्मिक निधन पर समाहरणालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। प्रताप टोप्पो गारू प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। शोकसभा में उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### राजी सरना प्रार्थना सभा प्रखंड समिति की हुई बैठक


बैठक में उपस्थित लोग।

**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना भवन नचना में राजी सरना प्रार्थना सभा भारत के तत्वाधान में प्रखंड समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जयपाल उरांव व संचालन प्रखंड कोषाध्यक्ष राजदेव उरांव ने किया। बैठक में आदिवासी समाज में व्याप्त नशाखोरी, अशिक्षा व अंधविश्वास को दुर करने तथा इसके लिए जन जागरुकता अभियान चलाने हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, साथ ही अपनी धार्मिक, समाजिक एवं पारम्परिक रीतिरिवाज को अक्षुण्ण रखते हुए समाज को एकता बनाए रखने एवं समाज को आर्थिक रूप से मजबुती प्रदान करने के साथ साथ संवैधानिक और राजनैतिक हक अधिकार के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मौके पर उपाध्यक्ष मोहन उरांव, तेतरी उरांव, सचीव सकेन्द उरांव, सीतामनी उरांव, मनिता उरांव कार्यकारिणी सदस्य बीना उरांव जयराम उरांव, सुनिल उरांव, रिक्सोना उरांव, मुनेसरी उरांव, सरिता उरांव, प्रमोद उरांव, बसंती उराव,मुनिया उरांव, सुमंती उरांव, सुषमा उरांव उपस्थित रहे।

### गारू बीडीओ के असामायिक निधन पर बरवाडीह में शोक सभा का आयोजन


शोक सभा में उपस्थित प्रखण्ड लोग।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में गारू प्रखण्ड के बीडीओ प्रताप टोप्पो के असमायिक निधन पर रविवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। जहां बीडीओ राकेश सहाय ने दो मिनट का मौन रखने के बाद दिवंगत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रताप टोप्पो गंभीर बीमारी से जूझ रहे रहे थे। शोक सभा में जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण, पीएम आवास के प्रखण्ड समन्वयक दीपक कुमार, सहायक अभियंता सुधीर कुमार, मनरेगा बीपीओ त्रिवेणी राम, रोजगार सेवक कमलेश सिंह, विजय कुमार, रवि कुमार, नवल किशोर, बनवारी सिंह, अरविंद कुमार, हदीश अंसारी और राज रौशन समेत सभी प्रखंड और अंचल कर्मी उपस्थित रहें।

### थाना परिसर व सभी पंचायत सचिवालय में मनाया गया संविधान दिवस


संविधान दिवस मनाते पुलिस प्रशासन।

**बारियातु।** थाना परिसर व सभी पंचायत सचिवालय के अलावा कई स्थानों पर रविवार को कार्यक्रम आयोजित कर उत्साहपूर्वक संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भरतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित निर्वाचन के सदस्यों पंडित जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, सरदार बल्लभ भाई पटेल और मौलाना अब्दुल कलाम को याद किया गया। थाना परिसर में कार्यक्रम का अध्यक्षता थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने उपस्थित पुलिस अवर निरिक्षक व सशस्त्र बलों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़ कर संविधान के अनुरूप सच्ची निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। इधर बारियातू पंचायत सचिवालय, डाढ़ा, फुलसु, बालुभांग, गोनिया, शिबला, अमरवाडीह, साल्वे व टोंटी पंचायत सचिवालय परिसर में संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर के भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ कर संविधान की शपथ दिलाई। थाना परिसर में शपथ के पश्चात उपस्थित सभी लोगों को थाना प्रभारी चौधरी ने कहा कि आज ही के दिन 26 नवम्बर 1949 ई को डॉ भीमराव आंबेडकर के देखरेख में भारतीय संविधान तैयार कर राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इस संविधान को बनाने में 2 साल 11 महीने 18 दिन लगे थे। इस संविधान को देश में पहली बार 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। आज के दिन डॉ. अम्बेडकर के योगदान को याद करने और संविधान के महत्व को प्रसार करने के लिए संविधान दिवस मनाया जाता है।

## बहुचर्चित चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी हत्याकांड मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

# हत्याकांड में संलिप्त 3 में से एक अपराधी मनोज तुरी चढ़ा पुलिस के हत्थे, दो की तलाश जारी

▸▸ एक लोडेड देशी कट्टा, जिंदा कारतूस व मोबाइल बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ।

**प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एसजेएमएम का सक्रिय सदस्य व पूर्व में पीएलएफआई एवं अन्य गिरोह के संपर्क में था गिरफ्तार मनोज तुरी**

**चंदवा।** बहुचर्चित चंदवा थाना के चौकीदार सदीक अंसारी हत्याकांड का उद्भेदन चंदवा पुलिस ने कर दिया है। हत्याकांड में संलिप्त 3 में से एक अपराधी मनोज तुरी पिता बिगन्लू तुरी पाहन (टोली ढोंटी चंदवा) को लोडेड देशी कट्टे के साथ थाना क्षेत्र के ढोंटी जंगल से गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। रविवार को चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसडीपीओ संतोष मिश्रा व थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि बीते 7 नवम्बर की शाम चंदवा-माल्हन-मैक्लुस्कीगंज पथ पर हिंदुस्तान बायो डीजल पम्प के समीप अज्ञात अपराधियों के द्वारा चौकीदार सदीक अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 217/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड के उद्वेदन हेतु लातेहार एसपी अंजनी अंजन के द्वारा एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था, जिसका नेतृत्व एसडीपीओ संतोष मिश्रा स्वयं कर रहे थे। एसआईटी टीम के द्वारा कांड के उद्भेदन हेतु तकनीकी एवं मानवीय सूत्रों के आधार पर लगातार विभिन्न स्थानों पर छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में 26 नवंबर को चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढोंटी जंगल से कांड में संलिप्त एक अपराधी मनोज तुरी को एक लोडेड देशी कट्टा एवं मोबाइल के साथ पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में मनोज तुरी ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि चौकीदार सदीक के हत्या में उनके साथ दो और साथी संलिप्त हैं। मनोज तुरी ने पुलिस को यह अभी बताया कि वह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन एसजेएमएम का सक्रिय सदस्य है तथा पूर्व में वह पीएलएफआई एवं अन्य गिरोह के लिए भी काम कर चुका है। गिरफ्तार मनोज तुरी के खिलाफ चंदवा, बालूमाथ व पिपरवार थाना में आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में अब तक के स्पष्ट नहीं हो पाया है कि चौकीदार सदीक अंसारी की हत्या किस वजह से हुई है। जांच कर में जो बात सामने आ रही है उसके आधार पर यह बात प्रतीत हो रहा है कि चौकीदार सदीक अंसारी अपराधियों के काम में लगातार बाधक बन रहे थे। हो सकता है अपराधियों के द्वारा सदीक को रास्ते से हटाने के उद्देश्य से हत्या कांड को अंजाम दिया गया हो। बता दें कि विगत दिनों क्षेत्र में स्क्रैप, टावर व तार चोरी का धंधा जोरों पर था, इसको लेकर भी चौकीदार की हत्या होने से इंकार नही किया जा सकता है।

### एसआईटी टीम में ये थे शामिल

टीम में सीडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, चंदवा थाना प्रभारी शुभम कुमार, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, बरियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो, हिरण थाना प्रभारी नीतीश कुमार, चंदवा पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, दीपक नारायण सिंह, कुंदन कुमार, राजकुमार तिग्गा मनिका व चंदवा थाना साइट 44 एवं रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।

## हत्या नहीं बल्कि दुर्घटना में गयी थी किशोरी की जान

▸▸ प्रशासन ने आदिवासी किशोरी संदेहास्पद मौत मामले में जारी किया प्रेस बयान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा के देवनद तट छठ घाट के समीप गेरुआगढ़ा जाने वाले मार्ग पर पुलिया के नीचे एक आदिवासी किशोरी के संदेहास्पद मौत मामले को लेकर प्रशासन ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि नाबालिग किशोरी की मौत हत्या नही है, बल्कि दुर्घटना में मौत हुई थी। घटना के बाद परिजनों के द्वारा बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करने का आरोप लगाया था, मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 220/23 दर्ज किया गया था। एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार अनुसंधान के क्रम में कांड के सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की गई तो पता चला कि मृतका बच्ची अपने नाबालिक दोस्त के साथ 19 नवंबर की संध्या में छठ घाट जाने के लिए निकली थी, परंतु छठ घाट ना जाकर अपने नाबालिक दोस्त के साथ ग्राम गेरुआगढ़ा स्थित रेलवे ब्रिज संख्या-197 के ऊपर रेलवे पटरी पर दोनों बैठकर बातचीत करते हुए मोबाइल देख रहे थे। इसी बीच संध्या लगभग 6:00 टोरी से लोहरदगा की ओर जा रही एक मालगाड़ी ट्रेन अचानक आ गई, मालगाड़ी को करीब पहुंचता देख दोनों अपनी जान बचाने के लिए पुल के आगे दौड़ने लगे, इसी क्रम में नाबालिग बच्ची पुल के आगे नहीं जा सकी और पुल के नीचे गिर गई। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई वहीं नाबालिक लड़का पुल के आगे झाड़ी में जाकर गिरा। अनुसंधान के क्रम में नाबालिक लड़के से पूछताछ करने पर उक्त पूरे मामले की जानकारी हुई। मृतका बच्ची का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल लातेहार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड की टीम के रिपोर्ट में भी मृतका के साथ दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। कांड अनुसंधान अंतर्गत है। बता दे कि आदिवासी किशोरी के संदेहास्पद मौत के बाद सनसनी फैल गई थी। विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा मामले को लेकर कर उसे प्रकट करते हुए परिजनों से मुलाकात का दौर चल रहा था, साथ ही कैंडल मार्च भी निकाली गई थी।

## भाजपा ने मनाया संविधान दिवस


संविधान दिवस मनाते भाजपाई।

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला लातेहार के तत्वाधान में संविधान दिवस मनाया गया मौके पर भाजपायों ने अंबेडकर चौक पर बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर उपस्थित जिला सांसद प्रतिनिधि लव कुमार दुबे ने कहा की बाबा साहब अंबेडकर के बने हुए संविधान पर आज हमारा पूरा भारतवर्ष चल रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान ने किया। मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज गोलू, अमरदीप प्रसाद, संदीप उरांव, अनुज पासवान, रोशन कुमार, संतोष यादव, विजय सिंह, अंकित कुमार गोलू, सुनील कुमार, मिथुन पासवान, भोला प्रसाद, कुंदन कुमार, बगेंद्र पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## कार्तिक उरांव जयंती के शुभ अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा जतरा समारोह का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जतरा मेला आदिवासियों का पारंपरिक त्योहार, इससे बढ़ता है सद्भाव : संजय उरांव**


मौके पर मौजूद मंचासिन अतिथि।

**लातेहार।** सदर प्रखंड के पांडेयपुर पंचायत के ग्राम हेटबेसरा कार्तिक चौक में कार्तिक उरांव जयंती के शुभ अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा जतरा समारोह का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य विनोद उरांव, मुखिया संजय उरांव, सचिव बिरसा मुंडा, देवसहाय भगत, जयराम राम के साथ गांव के पाहन के द्वारा विधि विधान से पूजा करने के बाद झंडा गाड़ा गया। वही अतिथियो को पुष्प गुच्छ एवं गमछा देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुखिया संजय उरांव ने अपने सम्बोधन में कहा कि जतरा मेला आदिवासी समाज के बीच प्रेम का प्रतीक के तौर पर आयोजित किया जाता है। इससे सभी जातियों के लोगों के बीच सद्भाव बढ़ता है। साथ ही घर में सुख शांति एवं समृद्धि भी आती है। आदिवासी समाज के लिए जतरा मेला एक पारंपरिक त्यौहार है। जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होकर खुशियां मनाते है। वही मंच का संचालन पूर्व पंचायत समिति राजेश उरांव ने किया। इस जतरा समारोह में छोटी-छोटी बच्चियों ने नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों के माध्यम से प्रस्तुत की गई नृत्य को देखकर आए दर्शक झूमने को मजबूर हो गए। इस मेले हजारो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाये रखने की दिलायी गयी शपथ


शपथ दिलाते बीडीओ राकेश सहाय।

**बरवाडीह।** संविधान दिवस के मौके पर रविवार को बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय में बीडीओ राकेश सहाय और थाना परिसर में सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव ने अपने अपने कर्मियों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने बताया कि देश एक संविधान को मानता है, जो कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाया गया है। इसी संविधान के तहत हमारा देश चलता है। भारत जैसे विविधताओं वाले देश में यही वह संविधान है। जिसने सभी को एक धागे के रूप में बांधा हुआ है। इसी संविधान के द्वारा समस्त नागरिकों को मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है जिसे सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। बीडीओ ने भारतीय संविधान के प्रति अपनी पूर्ण आस्था रखने की अपील करते हुए सभी कर्मियों को अनुशासित होने की सीख दी। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर ने पुलिसकर्मियों को सत्यनिष्ठा के साथ संविधान के रास्ते पर चलने को लेकर शपथ दिलाई और कहा कि हम लोगों को हर किसी शख्स की मदद करनी चाहिए जो भी परेशान हो, उसकी समस्या को सुना जाए और उसकी समस्या का समाधान भी जरूर किया जाए।

## एक नजर में

### भाकपा माले ने निकाला प्रतिवाद मार्च, भाकपा माले नेता एवं पत्रकारों को रिहा करने की मांग


मार्च निकालते लोग।

**लातेहार।** जिला के मनिका प्रखण्ड में भाकपा माले के बैनर तले शनिवार को प्रतिवाद मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च में शामिल सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष भाकपा माले जिंदाबाद मनिका पुलिस प्रशासन गरीबों के साथ अन्याय करना बंद करो, दुष्कर्म के आरोपी रौनक शुक्ला को फांसी दो, नेताओं एवं पत्रकारों पर हुए फर्जी मुकदमा वापस लो। इत्यादि नारे लगाते हुए प्रतिवाद मार्च पचफेड़ी चौक से होते हुए मनिका हाई स्कूल तक पहुंची पुनः वापस ब्लॉक गेट के पास पहुंच कर प्रतिवाद मार्ग सभा के रूप में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे झारखंड किसान महासभा के अध्यक्ष डॉ बी एन सिंह ने कहा कि जो संविधान की बात करेगा उस पर पुलिसिया जुल्म ढाया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि मनिका के प्रशासन संवैधानिक रूप से आंदोलन कर रहे भाकपा माले एवं किसान महासभा के नेताओं को और अन्य दो पत्रकारों जिसमें भाकपा माले का सड़क जाम का खबर संकलन करने गये पत्रकार दिपु कुमार को मनिका थाना प्रभारी के द्वारा फर्जी मामले दर्ज कर लातेहार जेल भेजा गया है वही भय का माहौल पैदा करने के लिए जेल भेजने के काम किया है। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेम्स हैरेंज ने कहा कि आंदोलन कर रहे नेता एवं पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजकर प्रशासन अपनी नाकामी छुपा रही है। वहीं कार्यक्रम को पाकी जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी, जिला सचिव बिरजू राम, राजेंद्र सिंह, कृष्ण सिंह, गोपाल प्रसाद, बच्चन सिंह, समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रदेव सिंह ने किया वही कार्यक्रम का संचालन आइशा नेता रणजीत सिंह ने किया। मौके पर जितेंद्र सिंह, कमलेश सिंह, राजेंद्र भुइया,नरेश भुइया, त्रिलोकी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### निवर्तमान अंचलाधिकारी के गिरफ्तारी को लेकर पीड़िता ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति आयोग में लगाई गुहार


अंचलाधिकारी आफताब आलम व सुनील कुमार साहू।

**बालूमाथ।** बालूमाथ निवासी लक्ष्मी देवी ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग भारत सरकार एवं अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाते हुए बालूमाथ के निवर्तमान अंचलाधिकारी आफताब आलम एवं सुनील कुमार साहू को गिरफ्तार करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा है कि 20 अप्रैल 2023 को अंचल कार्यालय में विविद-वाद संख्या 03/2021-22 एवं 04/2021-22 की सुनवाई चल रही थी मेरे द्वारा पूछताछ करने पर अंचलाधिकारी आफताब आलम एवं सुनील कुमार साव पिता जीवन साव ने मुझे तथा मेरे पुत्र सतीश कुमार के साथ भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दिया एवं जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि मैं अनुसूचित जनजाति के भोक्ता समाज से आता हूं। घटना के बाद मैं इन दोनों के खिलाफ बालूमाथ थाना में एफआईआर करने गया तो मेरा आवेदन नहीं लिया गया। तब मैं ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके बाद मैं काफी भाग दौड़ किया। तब मामला बढ़ते देख बालूमाथ पुलिस ने 8 मई 2023 को मेरा एफआईआर दर्ज किया। जिसका बालूमाथ थाना कांड संख्या 67 / 2023 है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि अंचल अधिकारी प्रशासनिक पद पर हैं। इसलिए इन दोनों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर रही है। वहीं अंचल अधिकारी द्वारा मुझे तथा मेरा बेटा को अलग झूठा मुकदमा में फंसा दिया है एवं अलग-अलग तरीके से मेरे द्वारा किए गए मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहा है। जिस कारण मैं तथा मेरा पूरा परिवार मानसिक एवं आर्थिक रूप से तनाव में जी रहे है। लक्ष्मी देवी ने दिए गए आवेदन के साथ एफआईआर की कॉपी ,लातेहार उपायुक्त को दिए गए आवेदन की कॉपी एवं सभी जगह दिये गए पत्राचार की प्रति साथ में संलग्न की है। ज्ञात हो कि आफताब आलम अंचलाधिकारी के पद पर रहते हुए जमीन से संबंधित कई गलत निर्णय देकर मोटी कमाई किए जाने का आरोप बराबर लगता आया है। और जब भी कोई विरोध करता था। तो उसे झूठे मुकदमे में प्राथमिकी दर्ज करा कर उसे शांत कर दिया जाता था।

## झालसा रांची के निर्देश पर डोर टू डोर चलाया विधिक जागरूकता अभियान


अभियान चलाते पीएलबी।

**लातेहार।** झालसा रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के आदेशानुसार लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में सदर प्रखंड के रेहड़ा गांव में पीएलबी मिथिलेश कुमार राम ने डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पीएलबी उपस्थित ग्रामीणों को कानूनी की बुनियादी जानकारी दी। जिसमें बाल विवाह, डायन प्रथा, नशा मुक्ति इत्यादि पर प्रकाश डाला। साथ ही पीएलबी कौशल कुमार ने भी उपस्थित लोगों को कानूनी जानकारी एवं सरकार द्वारा मिलने वाले सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।

## चंदवा पल्ली में धूमधाम से मनाया गया खीस्त राजा पर्व, लगा मीना बाजार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** काथोलिक चर्च चंदवा में रविवार को खीस्त राजा पर्व धूमधाम में साथ मनाया गया। सर्वप्रथम फादर फादर प्रदीप पन्ना की अगुवाई में मिस्सा पूजा अनुष्ठान कराया गया। जिसमें फादर मानुवेल केरकेट्टा, फादर जोसेफ एक्का, फादर वासिल डिंगडुंग ने उनका साथ दिया। मिस्सा अनुष्ठान के बाद भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो कैथोलिक आश्रम से निकलकर मेन रोड, इंदिरा चौक होते केकैथोलिक आश्रम पहुंची जहां पवित्र सक्रामेंत की अराधना की गयी। मौके पर संदेश देते हुये फादर संजय, फादर प्रदीप पन्ना, एमानुएल केरकेट्टा व जोसेफ एक्का ने प्रभु येशु के बताये मार्ग का अनुशरण कर जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कहा कि प्रभु यीशु खीस्त का सम्पूर्ण जीवन गरीबो के लिए समर्पित था। हम सभी को उनके द्वारा बताए गए सच्चाई व अच्छाई के मार्ग को अनुसरण करना चाहिए।

### मीना बाजार का हुआ आयोजन

इधर पवित्र सक्रामेंत में आराधना के उपरांत खीस्त राजा विद्यालय के बच्चों के द्वारा मीना बाजार का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के बच्चों के द्वारा एक के बढ़कर एक लजीज व्यंजन परोसा गया, जिसका लुत्फ अभिभावकों एवं मीना बाजार में आये लोगो ने उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में काथोलिक सभा के सुमन सुनील सोरेंग, स्टीफन मिंज, विनय खलखो, कुलदीप लकड़ा, राजेश लकड़ा, सुधीर लकड़ा, अब्राहम कोंगड़ी, महिला सभा, युवा संघ समेत खीस्तीय विश्वासियों ने अहम भूमिका निभाई।

## स्क्रैप माफियाओं के द्वारा फायरिंग करने की भी बात आ रही है सामने, फायरिंग के बाद उग्र हुए ग्रामीण

# अवैध स्क्रैप लोड वाहन को उग्र ग्रामीणों ने किया आग के हवाले

▸▸ सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में सक्रिय है स्क्रैप माफिया, रात भर काटा जाता है लोहा व तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**


वाहन में लगी आग।

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती बरवाटोली के मड़मा गांव के समीप स्क्रैप माफियाओं के द्वारा चोरी का लोहा तार लोड वाहन को ले जाने से रोकने पर फायरिंग किये जाने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा स्क्रैप लोड पिकअप वाहन जेएच-19-ए-3686 को आग के हवाले कर दिये जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम भी घटना स्थल पहुंचकर पूरे मामले की जांच की व अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है। घटना के सम्बंध में नाम नही छापने के शर्त पर कुछ ग्रामीणों ने बताया कि विगत काफी दिनों से मडमा, बेतर, रूद, बेलांग आदि क्षेत्र में बड़ी मात्रा में स्क्रैप माफिया हावी है। रात भर अवैध रूप से तार व लोहे की कटिंग कर माफियाओं के द्वारा ले जाकर बेचा जा रहा है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि विरोध करने पर स्क्रैप माफिया के लोग मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं। बेवजह परेशानी स्थानीय ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। शनिवार की रात भी स्क्रैप माफियाओं ने बड़ी मात्रा में बिजली का तार कटिंग कर जमा किया था, जिसे उक्त पिकअप पर लोड कर स्क्रैप माफिया ले जा रहे थे, एक बाइक चालक भी आगे-आगे उसकी रेकी कर रहा था। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की तो वे लोग मडमा की ओर से भागने की कोशिश करने लगे, इस बीच वहां के ग्रामीणों ने भी उन्हें घेरने की कोशिश की। जिसके बाद उक्त पिकअप वाहन को वहीं छोड़कर स्क्रैप चोर बाइक की मदद से भाग निकले, ग्रामीणों की माने तो भागने के क्रम में उन लोगों ने तीन-चार राउंड फायर भी किया है। इसके बाद ग्रामीणों ने उक्त वाहन को वहीं आग लगा दी। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, जांच जारी है।

### भीम संसद में जुटी भीड़ देखकर गदगद हुए मुख्यमंत्री नीतीश, कहा

# भीड़ को देखकर दिल्ली में बैठे लोगों में हलचल हो रही






**पटना (हि.स.)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के भीम संसद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने रविवार को कहा कि आज यहां पर उपस्थित भीड़ को देखकर दिल्ली में बैठे लोगों में हलचल हो रही है। उन्होंने कहा कि इतनी भीड़ इस ग्राउंड में पहले नहीं देखी गई। नीतीश कुमार ने कहा कि दो लाख से कम लोग यहां जमा नहीं हुए हैं। मैं आपकी सेवा करता हूं। आपकी इतनी संख्या देखकर मैं और सेवा करूंगा। आजकल जो लोग दिल्ली में राज कर रहे हैं। हर चीज को प्रचारित करते हैं, वो इस भीड़ को देख लीजिए। इसके साथ कल अपना वाला देख लिजिएगा। उनका तो बोगस कार्यक्रम ना हुआ। देख लीजिए हम लोगों की पार्टी के कार्यक्रम में कितना फर्क है। सीएम ने जातीय गणना की बातों की चर्चा करते हुए कहा कि हमने सबके हित में काम किया है। वर्ष 2005 में हम आए, तब से काम ही कर रहे हैं। हमने जातीय गणना करवाई। केंद्र से भी कहा था लेकिन वो नहीं माने तो हमने बिहार में करवाया। गणना के बाद आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया। सीएम ने कहा कि जरा देख लीजिए हम लोग के यहां कितना भीड़ है और उसके पास कितना भीड़ था। आप जानते हैं जब कभी भी दलित को लेकर अखबार या कहीं भी कुछ देखते थे तो उसी दिन हम अधिकारियों से चर्चा करते थे और इसकी जानकारी लेते थे। आज देख लीजिए हम लोगों का कहीं कोई प्रचार हो या नहीं हो इतना लोग का भीड़ है। हम सभी लोगों के साथ हैं। समाज के सभी लोगों का हम सेवा करते हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि हम तो शुरू से ना इन लोगों के बारे में बोलते रहे हैं जी।

इन लोगों को पहले किसी ने ध्यान दिया था। दलितों के लिए तो हम ही लोगों ने सब काम शुरू किया। लोगों को पढ़ने के लिए लोगों को आगे बढ़ाने के लिए हम सब कितना काम करवाए हैं। आज इसका फायदा है कि सभी लोग आगे बढ़ रहे हैं।

अभी भी आप लोग चिंता मत करिए आप लोग को लगता होगा कि यदि और काम होना चाहिए तो हमको जरूर बताइए। इस दौरान कम जब भाषण दे रहे थे तो कुछ लोग कागज दिखा रहे थे। इसके बाद सीएम ने कहा कि अरे भाई बीच से कागज दिखा रहे हैं। कोई एक जाकर उसका कागज ले लो। हम एक-एक कागज पढ़ेंगे। किसी के इलाके में कुछ भी होगा तो हम सब चीज देखेंगे। चिंता मत करो।

## एक नजर में

### अनियंत्रित ट्रक ने युवक को कुचला, मौत

**अररिया (हि .स.)।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रामपुर ओवरब्रिज के निकट पेट्रोल पम्प के समीप रविवार दोपहर बाद तेज अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया ।जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई ।घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया और फोरलेन एनएच 57 पर आवागमन को ठप्प कर दिया ।सूचना के बाद फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद, एसआई अजय यादव,सूर्य कुमार सिंह,अंचलाधिकारी संजीव कुमार मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भेज दिया। धर घटना के बाद मौके से भाग रहे ट्रक को पुलिस ने सिमराहा ओपी थाना क्षेत्र के पास पकड़ लिया ।पुलिस ने गाड़ी के चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना के संदर्भ में मटियारी पंचायत के सरपंच शमसेर भाई ऐनुल ने बताया कि मृतक मटियारी पंचायत के जुम्मन चौक वार्ड संख्या छह का रहने वाला हसमत उर्फ गुड्डू पिता –मो ।इसहाक है ।पेट्रोल पंप के पास ही वह टायर पंक्चर और हवा भरने का काम करता था ।उसकी अपनी दुकान थी ।सड़क पार कर रहा था कि तेज अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया ।जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मुआवजे को लेकर स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया ।जिसे थानाध्यक्ष और सीओ के द्वारा समझा बुझाकर शांत कराते हुए समुचित लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया।

## दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग झुलसकर दुकानदार की मौत



**अररिया (हि.स.)।** जिले के पलासी बाजार के एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में देर रात्रि करीबन ढाई बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई ।जिसमे दस लाख रुपए मूल्य के समान के साथ दुकानदार दिनेश चौधरी झुलस गया ।वह दुकान के अंदर ही सोया हुआ था और आगजनी के चपेट में स्वयं आ गया और झुलसने से उनकी मौत हो गई ।सूचना के बाद अहले सुबह पलासी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भिजवाया और पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना को लेकर मृतक के बेटे सनम चौधरी ने रविवार को बताया कि दुकान के दूसरे मंजिल पर उनका आवास है और देर रात्रि इन्वर्टर के आवाज करने एवं धुंध फैलने पर नीचे उतरने के बाद दुकान में आग लगा पाया। दुकान के अंदर सो रहे उनके पिता दरवाजा अंदर से बंद किए हुए थे। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा तोड़ कर जब वे लोग अंदर गए तो दुकान पूरी तरह खाख हो चुका था। उनके पिता भी जलकर दम तोड़ चुके थे ।आग से दस लाख से अधिक के क्षति होने की बात कही।

## कांग्रेस कभी भी जाति आधारित गणना की बात नहीं थी : तेजस्वी

एजेंसी



**पटना।** बिहार में जाति आधारित गणना का श्रेय लेने के लिए होड़ मची हुई है। इसकी एक बानगी रविवार को दिखी। तेजस्वी यादव ने रविवार को इसको लेकर कांग्रेस पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि जब बिहार में हम लोगों ने जाति आधारित गणना करवाई उसके बाद से आज पूरे देश में हर जगह इसकी ही चर्चा हो रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अब तो कांग्रेस पार्टी जो कि कभी भी जाति आधारित गणना की बात नहीं करती थी वो भी अपनी हर सभा में इसकी चर्चा कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जहां भी जा रहे हैं वे इसकी ही चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अपनी सबा में कहते हैं कि केंद्र में अगर हमारी सरकार बनी तो हम देश में और राज्य में जाति आधारित गणना करवाएंगे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने आरक्षण की जो बढ़ी हुई लिमिट तय की है,उसमें किसी तरह की छेड़छाड़ न हो, इसके लिए प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। इसमें मांग की है कि राज्य के जातीय आरक्षण के प्रावधान को संविधान की नौ वीं अनुसूची में शामिल किया जाये। हमारी मंशा है कि राज्य की तरफ से आरक्षण की तय लिमिट सुरक्षित रहे। उन्होंने यह बात रविवार को राजद के राज्य कार्यालय के कपूरी सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी नेता युसूफ मेहर अली के सम्मान में आयोजित परिचर्चा में कही। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि जातीय गणना की बात अब कांग्रेसी नेता राहुल गांधी भी कर रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस इसकी चर्चा भी नहीं करती थी। अब जातीय गणना के समर्थन में पूरे देश में माहौल बन रहा है।

## पेज एक का शेष

### अखिल भारतीय न्यायिक ...

इस कार्यक्रम में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश भी शामिल थे। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति बनने के बाद, मुझे कई केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों, आइआइटी और आइआइएम सहित अन्य संस्थानों का दौरा करने का मौका मिला। मुझे कई संस्थानों में जाने की जरूरत है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं क्योंकि मैं वहां के बच्चों के साथ बातचीत करती हूं। वे बहुत प्रतिभाशाली हैं। कई मौकों पर मैंने उनसे पूछा कि वे क्या बनना चाहते हैं। कुछ कहते हैं आइएएस, आइपीएस (अधिकारी) और अन्य कहते हैं कि वे न्यायपालिका में जाना चाहते हैं। यहां (न्यायपालिका) आसानी से आने के लिए कुछ कदम उठाने की जरूरत हैं। मुर्मू ने कहा, 'हमें खुद से पूछना चाहिए, खासकर आज जैसे मौकों पर क्या देश के हर एक नागरिक के लिए न्याय पाना आसान है। आत्मनिरीक्षण करने पर, हमें पायेंगे कि इसमें कई बाधाएं हैं। खर्च, सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। यह ऐसा मामला है जिस पर मेरा विशेष ध्यान है, इसीलिए न्यायपालिका, विशेष रूप से शीर्ष अदालत द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता के दायरे का विस्तार करने के लिए जो कदम उठाएं गये हैं मैं उनकी सराहना करती हूं। उन्होंने कहा, 'उदाहरण के लिए, भाषा जो न्याय में बाधा का दूसरा बड़ा कारण है। विभिन्न भारतीय भाषाओं में फैसले उपलब्ध कराने के शीर्ष अदालत के हाल ही के कदम से मैं आश्वस्त महसूस करती हूं। अदालती कार्यवाही का लाइव वेब प्रसारण भी नागरिकों को न्यायिक प्रणाली का सच्चा हितधारक बनाने में काफी मददगार साबित होगा।

### बंकर ध्वस्त, रॉकेट ...

सुरक्षा बल के जवान कोल्हान सुरक्षित वन क्षेत्र के गोईलकेरा थानांतर्गत कुईड़ा, छोटाकुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्त्ती क्षेत्र एवं टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्त्ती क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस और सुरक्षाबलों के संयुक्त अभियान में नक्सलियों के खिलाफ एक एक बड़ी सफलता हाथ लगी है।

### सड़क हादसे में ...

विजय गंझु एवं उनके पुत्र अमृत गंझु की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद ट्रेलर ने बाइक सवारों को करीब 100 मीटर तक घसीटते रहा। बाद में पुलिस ने उक्त ट्रेलर को जप्त कर लिया। घायल अंकिता को रिम्स ले जाने के लिए बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो आर्थिक सहयोग किया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद बालूमाथ अस्पताल के पास लोगों की भीड़ लग गयी।

### गजवा-ए-हिंद मॉड्यूल...

कैसे हुई इतनी बड़ी कार्रवाई : रेड को लेकर अधिकारी ने कहा कि मामला पिछले साल 14 जुलाई को बिहार में फुलवारीशरीफ पुलिस की ओर से मरगूब अहमद दानिश उर्फ ताहिर की गिरफ्तारी के बाद दर्ज किया गया था। यह जैन नाम के एक पाकिस्तानी नागरिक की ओर से बनाये गये व्हाट्सएप ग्रुप गजवा-ए-हिंदसे जुड़ा था। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ताहिर ने भारत के साथ-साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश और यमन सहित अन्य देशों के कई लोगों को समूह में जोड़ा था। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारतीय क्षेत्र में गजवा-ए-हिंद की स्थापना के नाम पर युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के मकसद से पाकिस्तान की ओर से हर तरह की मदद दी जाती है।

### भारत अब आतंक....

दिवाली से पहले प्रसारित शो में पीएम 'स्थानीय के लिए मुखर' अभियान पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी त्योहारों के दौरान हमारी प्राथमिकता 'वोकल फॉर लोकल' होनी चाहिए।

**झारखंड के छऊ नृत्य की चर्चा :** पीएम ने झारखंड, ओडिशा और बंगाल के जन-जातीय इलाकों में एक बहुत प्रसिद्ध नृत्य छऊ का जिक्र किया और कहा कि गांव-गांव में लगने वाले मेलों की तरह ही हमारे यहां विभिन्न नृत्यों की भी अपनी ही विरासत है। एक -भारत, श्रेष्ठ-भारत की भावना के साथ श्रीनगर में इसी माह छऊ पर्व का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि श्रीनगर के नौजवानों को छऊ नृत्य की ट्रेनिंग देने के लिए एक कार्यशाला का भी आयोजन हुआ। पीएम ने कठुआ जिले में बसोहली उत्सव के आयोजन तथा वहां स्थानीय कला, लोक नृत्य और पारंपरिक रामलीला के आयोजन की भी चर्चा की।

**विदेशों में शादी करना जरूरी है क्या :** पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों कुछ परिवारों में विदेशों में जाकर शादी करने का नया वातावरण बन रहा है, ये जरूरी है क्या? भारत की मिट्टी में भारत के लोगों के बीच अगर हम शादी ब्याह करेंगे तो देश का पैसा, देश में रहेगा। छोटे छोटे गरीब लोग भी अपने बच्चों को आपकी शादी की बातें बतायेंगे।

**सऊदी अरब में संस्कृत उत्सव की चर्चा :** पीएम मोदी मोदी ने सऊदी अरब में हाल में भारतीय संस्कृति पर संस्कृत में हुए एक कार्यक्रम में वहां के स्थानीय लोगों की भी भागीदारी देखी गयी। उसमें भारत की वैविध्यपूर्ण समृद्ध संस्कृति से जुड़े प्रसंगों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, सऊदी अरब में संस्कृत उत्सव नाम का एक आयोजन हुआ। यह अपने आप में बहुत अनूठा था। पूरा कार्यक्रम ही संस्कृत में था। इसमें, वहां के स्थानीय लोगों की भागीदारी भी देखी गयी। उन्होंने कहा, भारतीय संस्कृति की सुंदरता को सऊदी अरब में भी महसूस किया गया।

**डिजिटल पेमेंट की बढ़ रही मांग :** पीएम मोदी ने कहा कि ये दूसरा साल है, जब दीपावली के मौके पर कैश देकर कुछ सामान खरीदने का प्रचलन धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। यानी अब लोग ज्यादा से ज्यादा डिजिटल पेमेंट कर रहे हैं। ये भी बहुत उत्साह बढ़ाने वाला है। आप तय करिये कि एक महीने तक आप यूपीआइ से या किसी डिजिटल माध्यम से ही पेमेंट करेंगे, कैश पेमेंट नहीं करेंगे। भारत में डिजिटल क्रांति की सफलता ने इसे बिल्कुल संभव बना दिया है।

**जल संरक्षण की अपील :** पीएम मोदी ने जल संरक्षण और अमृत सरोवर की बात की। भारत में 65 हजार अमृत सरोवर बनाये गये हैं। गुजरात के अमरेली में जल उत्सव मनाया जाता है, जिससे जल संरक्षण को लेकर जागरुकता आयी है। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में बेल्जिपुरम यूथ क्लब स्किल डेवलपमेंट पर फोकस कर रहा है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने देश की कई और प्रेरक कहानियां बतायी।

### संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई

**गोड्डा।** उपायुक्त ,गोड्डा जिशान कमर एवं पुलिस अधीक्षक ,गोड्डा नाथू सिंह मीना के द्वारा समाहरणालय भवन ,गोड्डा के प्रांगण में सभी पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मियों को संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्र के संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर संविधान के महत्व को रेखांकित करते हुए उपायुक्त, गोड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान ने जाति,धर्म, ऊंच नीच से परे सभी को बराबरी का दर्जा दिया है। समाज में वर्षों से चले आ रहे विशेषाधिकारों को समाप्त कर देश के हर नागरिक को अपने सर्वांगीण विकास के लिए योग्य बनाया है।

### झामुमो की जिला कमिटी का गठन

**गोड्डा।** जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति गोड्डा के अंतर्गत पोड़ैयाहाट प्रखंड के भटौंधा पंचायत एवं गोड्डा सदर प्रखंड के लोबंधा पंचायत का पंचायत झामुमो समिति का गठन किया गया। जिला सम्मेलन में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गोड्डा जिला के कुल 197 पंचायत में से 20 पंचायत में पंचायत समिति का अब तक गठन नही हो पाया था ।जिसके कारण आज गोड्डा सदर प्रखंड के अध्यक्ष बालमुकुंद महतो की अध्यक्षता में लोबंदा पंचायत के नैन टोला बगीचा में बैठक आयोजित की गई। सम्मेलन में सर्व सम्मति से पंचायत अध्यक्ष मो.एहतेसामुल हक,सचिव किस्तू चरण मरांडी,उपाध्यक्ष अनूप मुर्मू, मीरू लाल सोरेन,कोषाध्यक्ष रमेश हेंब्रम को चुना गया।

## ट्रक पलटा, युवक की मौत, तीन घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा ।** गोड्डा से तेज रफ्तार आ रहे गैस सिलेंडर से लदा ट्रक ललमटिया के सिदो-कान्हू चौक पर रविवार को पलट गया। इस हादसे में एक पारा शिक्षक प्रेम कुमार पवन (40) की मौत हो गई है, जबकि ट्रक चालक सहित तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में घायल ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के कोलबड्डा गांव के निवासी पारा शिक्षक प्रेम कुमार पवन बाइक से ललमटिया से आ रहे थे। उसी दौरान ट्रक की चपेट में आ गए। उन्हें सिर पर गंभीर चोट लगी थी। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए महागामा रेफरल अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक पटना (बिहार) के विकास कुमार (25) , डकैता गांव के अमन किस्कू (20) और इस्लामपुर निवासी मुन्ना अंसारी (26) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद ललमटिया चौक पर मौजूद सामाजिक कार्यकर्ता दिलदार अंसारी, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दास, पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र वर्मा दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचकर ट्रक में दबे चालक विकास कुमार को निकाला। घायल चालक एवं डकैता गांव के अमन किस्कू को बेहतर इलाज के लिए गोड्डा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना में चौथे घायल मुन्ना अंसारी को मिशन अस्पताल भेजा गया है। घटना के संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि रविवार सुबह गोड्डा से गैस सिलेंडर लेकर तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ललमटिया के सिदो-कन्हू चौक पर असंतुलित होकर पलट गया, जिसमें ट्रक चालक गाड़ी के अंदर ही फंस गया।

## भीम संसद में प्रलोभन देकर भीड़ जुटाने का मोदी ने लगाया आरोप

**पटना,(हि.स.)।** राज्य सभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाया कि जदयू के भीम संसद में सरकारी मशीनरी का भारी दुरुपयोग कर भीड़ जुटाने का प्रयास किया गया। दलित बस्तियों में काम करने वाले विकास मित्र, टोला सेवक, तालिमी मरकज के हजारों कर्मियों को प्रलोभन देकर भीड़ जुटाई गई कि उन्हें राज्य कर्मी का दर्जा और वेतन वृद्धि दी जाएगी। सांसद ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि देश के सबसे बड़े दलित नेता स्वर्गीय रामविलास पासवान को राज्यसभा में जाने का विरोध करने और उनकी जाति पासवान को महादलित से अलग करने, मुसहर के नेता जीतन राम मांझी को अपमानित कर मुख्यमंत्री से हटाने और फिर विधानसभा में तुम-ताम और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने वाले नीतीश कुमार को बिहार का दलित कभी माफ नहीं करेगा। शराबबंदी के कारण बिहार का पासी समाज भुखमरी की स्थिति में है। मुसहर समाज के सबसे ज्यादा लोग जेलों में बंद हैं। 75 साल तक कांग्रेस, राजद, जदयू की सरकार के बावजूद यदि 43 फीसदी दलित परिवार की आमदनी 6000 से कम है, 90 फीसदी लोग 10वीं से कम शिक्षित हैं, 75 फीसदी परिवारों को पक्का मकान नहीं है तो इसके लिए नीतीश, लालू, सोनिया जिम्मेवार हैं। सरकारी तंत्र के भरोसे भीड़ जुट सकती है लेकिन वोट नहीं मिल सकता।

## सनातन धर्म में गंगा स्नान का बड़ा ही धार्मिक महत्व : विशंभरदास महाराज

**गोपालगंज (हि.स.)।** कार्तिक पूर्णिमा के दिन सुबह घोड़ाघाट मंदिर स्थित दाहा नदी पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालु नदी में आस्था की डुबकी लगायेंगे। इस अवसर पर रविवार को शाम से ही घोड़ाघाट दाहा नदी के तट समेत अन्य नदी, पोखर पर स्नान दान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगना शुरू हो गयी है। दूर से आने वाले श्रद्धालुओं ने अपने निजी वाहनों से देर शाम से पहुंचना शुरू कर दिया था। वहीं जिले भर के मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना करने वालों भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। इसके अलावा कई जगहों पर कार्तिक उदयापन पर बडे. आयोजन, संकीर्तन समेत अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन शाम से शुरू किया गया। महिलाओं की ज्यादा भीड़ दिखी। भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना के लिए भगवान को आराधना की। संत शिरोमणि विशंभर दास महाराज ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा को सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र दिनों में से एक माना जाता है। इस दिन लोग गंगा नदी में पवित्र स्नान करते हैं। यह सनातन धर्म में एक पवित्र अनुष्ठान माना गया है। कार्तिक माह भगवान विष्णु और भगवान कृष्ण की पूजा के लिए पूरी तरह समर्पित है, जो कार्तिक पूर्णिमा के साथ समाप्त होगा।

## रेडक्रास सोसायटी के नए चेयरमैन बने डॉ राजकुमार उपाध्याय व सचिव बने अमरेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी की जिला शाखा का इंडोर स्टेडियम में 11 साल बाद रविवार को चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें 241 सदस्यों ने पहले कार्यकारिणी के दस सदस्यों का चयन किया। इसके बाद नए सदस्यों ने सर्वसम्मति से डा. राजकुमार उपाध्याय को अध्यक्ष, डा. अमरेंद्र कुमार यादव को सचिव, डा. मनोज घोष को उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह, सिकंदर कुमार को संयुक्त सचिव एवं अंजनी शरण को कोषाध्यक्ष चुना। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उज्जवल दास, मणि केशरी, रूपम किशोर सिंह व अरविंद कुमार को चुना गया। एसडीओ किशोर कौशल व निवार्ची पदाधिकारी चरणजीत सिंह ने चयनित सदस्यों को शपथ दिलायी। अब नए सदस्यों की सूची को अनुमोदन के लिए राजभवन भेजा जाएगा। दरअसल दुमका में वर्ष 2012 के बाद सोसायटी का चुनाव नहीं होने पर राजभवन ने जल्द चुनाव कराने का निर्देश दिया। सबसे पहले आम सभा हुई। इसमें पदाधिकारियों के चयन के लिए सर्वसम्मति का सहारा लिया गया। सम्मति नहीं बनने पर एसडीओ ने चुनाव की घोषणा की। पहले 15 सदस्यों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। लेकिन एक सदस्य प्रमोद कुमार जायसवाल ने अपना नामांकन वापस ले लिया। बाद में मैदान में 13 प्रत्याषी ही बचे। 13 प्रत्याशियों में से दस का चयन करने के लिए चुनाव कराया गया। जिसमें सबसे अधिक मत अमरेंद्र यादव को मिले। दूसरे नंबर पर राजकुमार उपाध्याय रहे। सभी नए सदस्यों ने आम सहमति से नए पदाधिकारियों का चयन किया।

### आदिवासी अधिकार यात्रा में साहिबगंज पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कहा

# केंद्र और राज्य में सरकार बनी तो संथाल में लागू होगा एनआरसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज ।** आदिवासी अधिकार यात्रा में शामिल होने साहिबगंज पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक ऐसा बयान दिया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई है। बाबूलाल ने कहा है कि यदि आगामी चुनाव में केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो संथाल परगना में एनआरसी लागू किया जाएगा। आदिवासी अधिकार यात्रा में साहिबगंज पहुंचे बाबूलाल मरांडीसाहिबगंजः झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दो दिवसीय दौरे पर साहिबगंज पहुंचे हैं। शनिवार को बोरियो प्रखंड के तसर हाउस में रात्रि विश्राम कर रविवार को बाबूलाल बाइक रैली में शामिल हुए। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने रोड शो कर तालझारी, पतना सहित दर्जनों गांवों का दौरा कर आदिवासी अधिकारों को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। बाबूलाल रविवार को पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम आम जनता के साथ सुनेंगे। इसके साथ ही बाइक रैली की समाप्ति हो जाएगी। इसके बाद बाबूलाल मरांडी आम सभा में शामिल होंगे और जनता को संबोधित करेंगे। साहिबगंज में बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो संथाल परगना में एनआरसी लागू किया जाएगा। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कौन यहां कब और कैसे आया, कैसे वोटर कार्ड और आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज बनाए गए, कैसे राशन कार्ड में नाम दर्ज करवाकर जमीन खरीदी गई, कैसे आदिवासी बेटियों से शादी-विवाह कर जमीन हड़पी गई और इतनी तेजी से उधवा सहित अन्य जगह में जनसंख्या कैसे बढ़ रही है इन सभी बातों का पता किया जाएगा। साथ ही यह भी पता चला है कि नए लोग आधार कार्ड बनाते हैं तो जनप्रतिनिधि और अधिकारी अनुशंसा करते है, जिन लोगों ने इन लोगों को बसाने का कार्य किया है, वैसे लोग भी चिन्हित किए जाएंगे और वैसे लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बाबूलाल ने दावा करते हुए कहा कि केंद्र में 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी बंपर बहुमत से जीतेंगे और भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। साथ ही झारखंड में भी एनडीए पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

